卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 177 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦3 अप्रैल 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


## धामी ने पीएम मोदी के साथ की कई मुद्दों पर बात

नई दिल्ली (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार द्वारा राज्य के विकास हेतु जमरानी बांध परियोजना की स्वीकृति सहित विभिन्न बाह्य साहयतित परियोजनाओं एवं पूंजीगत परियोजनाओं के लिए व्यापक सहयोग प्रदान करने पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। राज्य को जी 20 की तीन महत्वपूर्ण बैठकों का दायित्व दिए जाने पर धन्यवाद देते हुए सीएम ने कहा कि रामनगर में मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार के वर्किंग ग्रुप की बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई।



सीएम धामी ने प्रधानमंत्री को चारधाम यात्रा, आदि कैलाश और लोहाघाट स्थित मायावती आश्रम के लिए आमंत्रित किया। लगभग एक घंटे तक चली बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को चमोली के जोशीमठ क्षेत्र में भूध ंसाव से प्रभावितों को राहत और विस्थापन कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि आर्थिक पैकेज कीआवश्यकता बताई। उक्त पैकेज में प्रभावितों को अस्थाई राहत व आवास व्यवस्था हेतु 150 प्री फॅब्रिकेटेड घरों का निर्माण, साइट डेवलपमेंट कार्य, प्रभावित भत्ता प्रमुख है।आवासीय एवं व्यवसायिक (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्रसाद चढ़ाने चैती मंदिर जा रही महिला की हादसे में दर्दनाक मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। रेते से ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर सुबह बाइक सवार महिला की



दर्दनाक मृत्यु हो गई। वह पति के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर प्रसाद चढ़ाने चैती मंदिर जा रही थी। पुलिस ने मौके से लावारिस हालत में खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेते हुए मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के



मुताबिक मोहल्ला कानूनगोयान निवासी 45 वर्षीय बबीता वर्मा पत्नी संजय वर्मा आज तड़के लगभग 4 बजे पति के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर चैती मंदिर प्रसाद चढ़ाने के लिए जा रही थी इसी दौरान बाजपुर रोड स्थित श्याम पुरम मोड़ पर लेते से ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक ने तेजी व लापरवाही से मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। इस दौरान बाइक पर (शेष पृष्ठ सात पर)

## एसटीएफ ने पश्चिमी बंगाल से दबोचा शातिर साइबर ठग

**हल्द्वानी के रिटायर्ट चिकित्सक से की थी साढ़े दस लाख की ठगी**

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पिछले 15 दिनों से पश्चिम बंगाल और बिहार में डेरा जमाये एसटीएफ ने रिटायर्ड चिकित्सक से ट्रेजरी अधिकारी बनकर साढ़े दस लाख रूपये की ठगी करने वाले शातिर साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। साइबर थाने में सीओ एसटीएफ सुमित पाण्डे ने खुलासा करते हुए बताया कि हल्द्वानीनिवासी रिटायर्ड चिकित्सक हरीश लाल ने थाना हल्द्वानी में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा था कि अज्ञात कालर



व्यक्ति द्वारा स्वयं को ट्रेजरी अधिकारी बताकर पेंशन देयकों के भुगतान के नाम पर कुल रू0 10,50,000 की धोखाधड़ी कर ली। 26 अक्टूबर 2022 को मामले में अभियोग पंजीकृत हुआ था। जिसकी विवेचना थाना कोतवाली हल्द्वानी से साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन कुमाऊँ परिक्षेत्र रूद्रपुर को स्थानान्तरित हुयी। इस केस की विवेचना प्रभारी निरीक्षक साईबर क्राईम ललित मोहन जोशी को दी गयी। विवेचना से एसटीएफ को जानकारी मिली कि जो धनराशि साईबर ठगों द्वारा ठगी गयी है उसे कोलकता और बिहार में विभिन्न एटीएम से निकाला गया है। इस पर एक टीम को तत्काल कोलकता और बिहार भेजा गया वहां पर इस टीम द्वारा 15 दिन तक एटीएम कैश विड्रॉल सीसीटीवी फुटेज व अन्य सम्भावित पतों पर छानबीन की गयी और अभियुक्त की गिरप्तारी हेतु बिहार हाजीपुर, वैशाली आदि जनपदों में और पश्चिम बंगाल के कोलकता शहर के कई इलाकों में छापेमारी की गयी तो इस घटना में (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालत में फंदे पर लटका युवक का शव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहा युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका मिलने पर परिवार में



कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने को भेजा है। पुलिस के मुताबिक ट्रांजिट कैंप की कृष्ण कॉलोनी में किराए के कमरे पर मूल रूप से कुंद्रा कोठी नवाबगंज बरेली निवासी 19 वर्षीय भगवानदास का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। युवक को फंदे पर लटका देख मकान मालिक के होश उड़ गए। इसी बीच सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मकान स्वामी से घटना की जानकारी लेने के बाद शव को कब्जे में लिया और पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भिजवाया। सूचना पर परिवार के लोग भी पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक मृतक सिडकुल की किसी कंपनी (शेष पृष्ठ सात पर)

## लेवड़ा नदी में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

काशीपुर(उद संवाददाता)। लेवड़ा नदी में मिले युवक के शव का पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द किया है। मृतक



30 मार्च से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता था। उसका शव गत सोमवार को पुलिस ने बरामद किया। मृतक की पत्नी ने पुलिस को दी तहरीर में हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शक के आधार पर पूछताछ के लिए एक युवक को हिरासत में लिया है। ज्ञातव्य है कि बाजपुर कोतवाली क्षेत्र से बीते 30 मार्च को 27 वर्षीय प्रभजोत नामक युवक बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। दो दिनों तक तमाम तलाश के बाद भी जब उसका कहीं कोई पता नहीं चला तो पत्नी सरबजीत कौर ने कोतवाली में गुमशुदगी की तहरीर दी। युवक की तलाश में तलाश में एसएसआई विक्रम धामी पुलिस फोर्स के साथ लेबडा नदी क्षेत्र के आसपास तलाश में जुट गए जहां पर उन्हें गायब युवक का शव मिला। मृतक के 5 वर्षीय पुत्री राजवीर कौर है। (शेष पृष्ठ सात पर)

## अब बेघर नहीं होंगे खुरपिया फार्म में रह रहे लोग

**अमेरिका से आई फार्म स्वामिनी ने की 35 परिवारों को भूमि का दान करने की घोषणा**

किच्छा(उद संवाददाता)। खुरपिया मे रह रहे लोगों को अब बेघर नही होने दिया जाएगा बल्कि वहां रह रहे लोगों को मालिकाना हक दिया जायेगा। वर्षों से न्यालय मै चल रहे खुरपिया फार्म का मामला सरकार द्वारा न्यायालय के आदेश पर अधिग्रहण कर लिया था।जिससे खुरपिया फार्म समाप्त हो गया था।विगत दिनों न्यालय के दिशा निर्देश पर शासन द्वार लगभग 27 एकड़ भूमि वापस पन्ना विजय शाह के पक्ष में दे दी जिस पर लगभग 35 परिवार भी रह रहे थे। आशियाया उजड़ने का भय भी सता रहा था ऐसे में बीती शाम फार्म



स्वामिनी 92 वर्षीय पन्ना विजय शाह ने फार्म पहुंच कर सभी 35 परिवारों को भूमि का दान करने की घोषणा कर मुरझाए चेहरों में खुशी भर दी। उन्होंने कहा कि उन्हें बेघर होने के दु:ख का पता है। ये धरती सभी के लिए वरदान है। मुझे ईश्वर ने इस धरती का सुख भोगने का अवसर दिया है तो मैं भी अपने उन सभी कर्मचारियों ,मजदूरों,को बेघर नही होने दूंगी।अपने जीते जी सभी को भूमि का मालिक बना दूंगी । पन्ना विजय शाह की इस घोषण से जहां एक ओर खुशी दिखाई दी तो कुछ लोगों के आंखों में आंसू भी दिखाई दिए। पत्रकार वार्ता में पन्ना विजय शाह ने कहा कि अपने पिता जीवन लाल द्वारा बसाए लोगों के चेहरे पर मुस्कान देखने के लिए अमेरिका से अपने भाई कार्तिक किला चांद के साथ यहां आई हुई हूं। पारवारिक बंटवारे (शेष पृष्ठ 7 पर)

## कांग्रेसियों का नगर निगम में धरना प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बदहाल सफाई व्यवस्था को लेकर कांग्रेसियों ने नगर निगम में प्रदर्शन कर धरना दिया और सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग की। पूर्व कांग्रेस महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा एवं वार्ड चार के पार्षद सुशील मंडल एवं वार्ड नौ के पार्षद मोहन भारद्वाज की अगुवाई में दर्जनों कांग्रेसी नगर निगम पहुंचे। उन्होंने नगर निगम पर कई आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर धरना दिया। इस दौरान जगदीश तनेजा ने कहा कि शहर



में सफाई व्यवस्था बदहाल है नालियां चौक पड़ी हैं जरा सी बारिश से सड़कों पर जलभराव होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड नौ के पार्षद मोहन भारद्वाज ने कहा कि ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में वार्ड तीन, चार और सात से होकर जाने वाले नाले की लम्बे समय से सफाई नहीं हुयी है, कई बार नगर निगम से लिखित शिकायत भी की जा चुकी है लेकिन इसके बावजूद नगर निगम की नींद नहीं खुली है। बीते दिनों बारिश में नाले का पानी घरों में घुसने से लोगों को दिक्कतों (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुआवजे के लिए कलेक्ट्रेट में गरजे किसान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। तराई किसान संगठन के बैनर तले आज किसानों ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर कलैक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। तराई किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बलविन्दर सिंह ने बताया कि प्रदेश में हुई बेमोसमी वर्षा व ओलावृष्टि से किसानों की गेहूं व अन्य फसलों की काफी क्षति हुई है। जिसके लिए सरकार को किसानों को उचित मुआवजा देना चाहिए। मांगों के सन्दर्भ में उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों को 20 हजार रूपये (शेष पृष्ठ सात पर)



# एक हाथ में स्टेयरिंग था दूसरे से मुंह में गुटखा डालने लगा!

## मसूरी में हुई बस हादसे की जांच के आदेश मृतकों के परिजनों को मुआवजा मिलेगा

देहरादून(उद संवाददाता)। मसूरी में बस दुर्घटना में बस चालक फरार हो गया है जबकि घायल यात्री के अनुसार यह हादसे बस चालक की घोर लापरवाही से हुआ है। वहीं घायल लोगों का हाल जानने कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी दून अस्पताल व मैक्स अस्पताल पहुंचे। उन्होंने डॉक्टरों को घायलों के उचित उपचार के निर्देश दिए। मंत्री जोशी ने कहा कि हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। मृतकों के परिजनों को सरकार की तरफ से चार-चार लाख रुपये दिए जाएंगे। घायलों का उपचार कराना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने दुर्घटना की जानकारी मिलने पर गहरा दुख व्यक्त किया और घायलों को उचित उपचार देने के निर्देश दिये है। दूसरी ओर जिलाधिकारी की ओर से मजिस्ट्रियल जांच के आदेश के बाद टीम घटनास्थल पर पहुंची। बता दें कि मसूरी से देहरादून लौट रही बस में कुल 40 लोग सवार थे। हादसे में दो महिलाओं की मौत हुई है और 38 लोग घायल हुए हैं। दून अस्पताल में भर्ती घायलों को परिवहन निगम की ओर से सहायता राशि दी गई। अस्पताल आए रोडवेज के अधिकारी और कर्मचारियों ने घायलों को पांच हजार और गंभीर घायलों को 10-10 हजार की सहायता राशि दी। मसूरी में हुए रोडवेज बस हादसे की परिवहन निगम ने जांच बैठा दी है। निगम के महाप्रबंधक संचालन एवं तकनीकी दीपक जैन ने बताया कि वैसे तो प्रशासन के स्तर से अलग जांच होगी लेकिन निगम ने अपने स्तर से जांच बैठाई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हादसे के असली कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल, बताया जा रहा है कि हादसे के पीछे बस के सामने किसी बाइक सवार का आना बताया जा रहा है। निगम के अधिकारियों ने रविवार को मैक्स अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। हादसे के बाद बस और बस चालक के रूट को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह बस चालक सहारनपुर रूट पर इस बस को चलाता था। लेकिन रविवार को उसे मसूरी भेज दिया गया। ऐसे में इस हादसे को उसके अनुभव से जोड़कर भी देखा जा रहा है। हालांकि इस मामले में महाप्रबंधक संचालन संजय गुप्ता ने बताया कि यात्रियों की उपलब्धता को देखते हुए बसों का निर्धारण किया जाता है। जिस रूट पर सवारियां अधिक होती हैं, स्टेशन अधीक्षक उस रूट पर बसों की संख्या अधिक कर देते हैं। ऐसे में इस बस को भी मसूरी के लिए भेजा गया था। बस की फिटनेस वैध है। मसूरी से चली बस के चालक की हरकतों को देखकर शुरुआत में ही सवारियां आशंकित हो गई थीं। घायलों के अनुसार चालक नशे में लग रहा था। कई जगह ऐसा लगा कि वह बस से नियंत्रण खो देगा। हुआ भी ऐसे ही। वहां न तो कोई बड़ा मोड़ था और न कोई बाधा। चालक ने एक हाथ से स्टेयरिंग संभाला हुआ था और दूसरे से मुंह में गुटखा डालने लगा। इसी बीच बस खाई की ओर चली गई। हादसे में घायल हुए दिल्ली के जितेश बस में इंजिन बोनेट के समानांतर बनी सीट पर बैठे हुए थे। जितेश को ज्यादा चोटें नहीं आई हैं। उन्होंने दून अस्पताल में मीडिया को चालक की हरकतों के बारे में बताया। जितेश के अलावा भी कई अन्य घायलों ने चालक के नशे में होने और अजीब हरकतें करने की बात कही। घायलों ने बताया कि बस चालक काफी नशे में लग रहा था। वह ठीक से बोल भी नहीं पा रहा था। बस को चलाते ही उसने तेज आवाज में गाने बजाने शुरू कर दिए। इन गानों पर वह झूम भी रहा था। बीच में कई मोड़ आए। वहां भी उसने अजीब तरह से गाड़ी मोड़ी। हर बार लगा कि टकरा जाएंगे। हर बार ऊपर वाले का शुक्रिया अदा किया। अभी बस को चले हुए 15 से 20 मिनट ही हुए थे कि चालक ने एक हाथ से स्टेयरिंग पकड़ा और जेब से गुटखा निकाल लिया। उसने मुंह से गुटखे का रैपर फाड़ा और मुंह में डाला। अगले ही पल बस खाई में चली गई। मैक्स अस्पताल में आए घायल मुकुल सिसौदिया ने बताया कि वे आगे की तरफ खिड़की के पास बैठे हुए थे। ऐसा लगा कि जैसे चालक को बस चलानी ही न आती हो।





# पति की हत्या करने वाली महिला और प्रेमी गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून में विवाहेत्तर संबंध में रोड़ा बन रहे पति को महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर मार डाला और शव घर के पास नाले में फेंक दिया। पुलिस ने महिला से सख्ती से पूछताछ की तो उसने सारा राज उगल दिया। हत्या से पहले दोनों ने उसे जमकर शराब पिलाई और नशे की हालत में चुनरी से गला घोंट दिया। पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी को चंद घंटे बाद ही गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि रविवार सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि मक्कावाला के पास नदी में एक व्यक्ति का शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास किया। आसपास के लोगों ने उसकी पहचान मोहम्मद अमजद निवासी मक्कावाला के रूप में की। वह राजमिस्त्री का काम करता था और अपनी पत्नी जैतुन्निशा व तीन बच्चों के साथ किराये के घर में रहता था। उसकी पत्नी को बुलाकर जानकारी ली गई। शुरुआत




में ही वह पुलिस को गुमराह करने लगी। आसपास के लोगों ने बताया कि अमजद के घर में हरिद्वार निवासी पिंटू नाम के युवक का आना जाना था।इस बारे में जब जैतुन्निशा से सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने सारा राज उगल दिया। पुलिस को बताया कि वह पिंटू से तीन साल से प्यार करती थी। दोनों शादी करना चाहते थे। यह बात अमजद को पता चल गई थी। इसे लेकर वह आए दिन झगड़ा करता था।इसके बाद उन्होंने अमजद को रास्ते से हटाने का षडयंत्र रच डाला। अमजद शनिवार शाम को घर आया तो जैतुन्निशा ने पिंटू को भी बुला लिया था। इसके बाद दोनों अमजद के लिए देसी शराब के चार पव्वे खरीदकर लाए। जैतुन्निशा ने अमजद को शराब पिलाई। जब उसे नशा हो गया तो उसने पिंटू को भी घर में बुला लिया।इसके बाद दोनों ने चुनरी से उसका गला घोंट दिया। इस बीच उसके बच्चे जाग गए तो धमकाकर वापस बिस्तर पर लिटा दिया। जैतुन्निशा ने पुलिस को बताया कि इसके बाद अमजद के शव को पास के नाले में फेंक दिया। दोनों रविवार को शादी करने वाले थे। पिंटू की तलाश की गई तो वह कुछ दूरी पर ही टिनशेड में बैठा मिला।उसने भी पुलिस के सामने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। एसएसपी ने बताया कि जैतुन्निशा और लखबीर सिंह उर्फ पिंटू निवासी शाहपुर टांडा भागमल, पथरी हरिद्वार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। यहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के निर्णय का सभी करें सम्मान : सीपी शर्मा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा व नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या द्वारा प्रदेश में जिला व नगर अध्यक्षों के नामों की घोषणा की गई है। इसलिए पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को उनके निर्णय का स्वागत कर उनका सम्मान करना चाहिए। अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि गत दिवस रूद्रपुर के पूर्व विधायक द्वारा अपने आवास पर पार्टी के कुछ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं को बुलाकर पार्टी हाईकमान के निर्णय का जो विरोध किया गया है उसे पार्टी हित में नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा के कार्यों से पार्टी के वरिष्ठ नेता संतुष्ट नहीं थे इसलिए उन्हें पूर्व में महानगर का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। उन्होंने कहा कि विधानसभा के चुनाव में विधायक पद की पार्टी प्रत्याशी मीना शर्मा को उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ तन, मन से चुनाव लड़वाया। दिनरात चुनाच प्रचार किया। उनकी हार की वजह महानगर अध्यक्ष की निष्क्रियता मुख्य रूप से रही। इसके साथ ही किच्छा से पार्टी प्रत्याशी तिलकराज बेहड़ के चुनाव प्रचार में भी वह किच्छा के कई क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करने गया। श्री शर्मा ने कहा कि अब जब प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष द्वारा उन्हें महानगर अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है तो सभी को उनके निर्णय का स्वागत करना चाहिए था। श्री शर्मा ने कहा कि बेहतर होता पार्टी के वरिष्ठ नेता व किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ नवनियुक्त जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष को अपने आवास बुलाकर सम्मान करते न कि मनोनयन का विरोध । उन्होंने कहा कि पूर्व में वह प्रदेश संगठन मंत्री व मजदूर कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी का निष्ठा से निर्वहन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह श्री बेहड़ का हमेशा सम्मान करते रहे हैं और भविष्य में भी करते रहेंगे। ऐसी अपेक्षा उनसे भी रहेगी। वार्ता के दौरान पार्षद मोहन खोड़ा मौजूद थे।



# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील में किया प्रदर्शन

## किसानों की खराब हुई फसल का मुआवजा देने की मांग

गदरपुर(उद संवाददाता)। विगत दिनों तेज हवा एवं ओलावृष्टि के साथ हुई बरसात से किसानों की खराब हुई फसल का मुआवजा दिये जाने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में धरना देकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सभी किसानों को 25 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाव से मुआवजा दिये जाने की मांग की गयी है। इस संबंध में मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित एक ज्ञापन तहसीलदार को दिया गया। सोमवार को कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी एवं ब्लाक अध्यक्ष चन्दन सिंह नयाल के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता तहसील परिसर में एकत्र हुए। यहां पर कार्यकर्ताओं ने धरना देते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि 20-21 से 31 मार्च व 1 अप्रैल के मध्य हुई भारी बरसात व औलावृष्टि से किसानों की खेत में खड़ी गेहूं की फसल को काफी नुकसान हुआ है। लेकिन शासन व प्रशासन द्वारा किसानों को अभी तक किसी प्रकार की राहत देने की घोषणा नहीं की गयी है। कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी, ब्लाक अध्यक्ष चन्दन सिंह नयाल एवं पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने कहा कि किसानों की 80 प्रतिशत से अधिक गेहूं की फसल नष्ट हो चुकी है। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल के नुकसान को देखते हुए कांग्रेस ने निर्णय लेते हुए तहसील में धरना दिया है। उन्होंने किसानों के बिजली बिल माफ करने, किसानों के घ्रृण की ब्याज माफ करने मांग की गयी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शासन से प्रत्येक किसान को 25 हजार रुपये एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिये जाने की मांग की है। इसके उपरान्त मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार पूजा शर्मा को ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन करने वालों में पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, पूर्व डीसीबी अध्यक्ष सुभाष बेहड़, मन्नू चौधरी, टेकचन्द कम्बोज, राम विलास, किशोर सामान्त, मनोज देवराड़ी, अमरनाथ चुघ, यामीन अली, विकास सरकार, जगन्नाथ सरकार सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।



जय श्री बालाजी जय श्री राम जय श्री बालाजी
श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में स्वर्ण चोला श्रृंगार, विशाल भंडारा एवं भव्य
श्री बाला जी दरबार
स्थान-श्री बाला जी मंदिर, दिनेशपुर
06 अप्रैल,दिन बृहस्पतिवार प्रात: 10 बजे से
निवेदक-राजेन्द्र अग्रवाल,महन्त, श्री बाला जी मंडल रजि० ,दिनेशपुर एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

# परिवहन विभाग का ग्रीन कार्ड पोर्टल शुरू

ऋषिकेश। इस वर्ष चारधाम यात्रा में चलने वाले व्यवसायिक वाहनों के ग्रीन कार्ड वाहनों की फिटनेस जांचने के बाद ही जारी किए जाएंगे। ग्रीन कार्ड बनाने के लिए पोर्टल greencard-uk-gov-in सोमवार से शुरू हो गया है। पोर्टल में ग्रीन कार्ड बनाने संबंधी जरूरी जानकारी डालने और फीस जमा करने के बाद एक रसीद जारी



होगी। इसे लेकर आवेदकों को आरटीओ कार्यालय जाना होगा, जहां वाहन की फिटनेस के बाद ग्रीन कार्ड जारी कर दिया जाएगा।हरिद्वार बाईपास मार्ग स्थित सहायक परिवहन कार्यालय में सोमवार को चार धाम यात्रा में संचालित वाहन को पहला ग्रीन कार्ड परिवहन एवं समाज कल्याण मंत्री चंदन राम दास ने जारी किया।इस दौरान उन्होंने एआरटीओ परिसर में स्थित नवनिर्मित चारधाम यात्रा प्रशिक्षण केंद्र का भी लोकार्पण किया। उत्तराखंड के परिवहन मंत्री चंदन रामदास ने कहा कि चार धाम यात्रा हमारे लिए एक बड़ी चुनौती है। पिछले वर्ष 47 लाख श्रद्धालु यहां आए थे। इस बार यह संख्या बढ़ेगी।उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अत्यधिक भीड़ के कारण बसों की की परेशानी उठानी पड़ी थी। इस बार हम पहले से ही व्यवस्था करके चल रहे हैं। चार धाम यात्रा में स्कूल बस नहीं भेजी जाएगी, बल्कि अन्य प्रांतों से 350 वाहन हम आरक्षित रखेंगे।परिवहन निगम की पिछली बार 90 बस सेवा उपलब्ध कराई गई थी इस बार यह संख्या 120 कर दी गई है। 12 अप्रैल को सभी परिवहन कंपनियों और एजेंसियों के साथ बैठक कर आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली जाएगी।कार्यक्रम में मेयर ऋषिकेश अनीता ममगाईं, भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र राणा, मंडल अध्यक्ष सुमित पवार, जिला मंत्री पंकज शर्मा, एआरटीओ प्रशासन अरविंद पांडे, एआरटीओ परिवर्तन मोहित कोठारी आदि भी मौजूद रहे। प्रदेश में इस वर्ष चारधाम यात्रा 22 अप्रैल से शुरू हो रही है। यात्रा पर जाने वाले व्यावसायिक वाहनों के कागजात और फिटनेस जांचने के बाद ग्रीन कार्ड जारी किया जाता है। ग्रीन कार्ड के आधार पर ही आवेदकों को यात्रा मार्ग पर वाहन चलाने की अनुमति दी जाती है। गत वर्ष 22 हजार वाहनों के ग्रीन कार्ड जारी किए गए थे। इनमें 12 हजार कार्ड राज्यों के वाहनों और आठ हजार कार्ड दूसरे राज्य के वाहनों को जारी किए गए थे। आवेदक को ग्रीन कार्ड बनाने के लिए जारी वेबसाइट पर जाना होगा। यहां वह अपने वाहन का नंबर और चेसिस नंबर डालेगा। ऐसा करने से वाहन साफ्टवेयर से वाहन की सारी जानकारी आ जाएगी। यह भी पता चल सकेगा कि वाहन के सभी कागजात सही हैं या नहीं। इसके बाद वह आनलाइन फीस जमा करेगा, जिस पर उसे एक रसीद मिलेगी। रसीद के साथ वह वाहन को लेकर आरटीओ कार्यालय जाएगा, जहां वाहन की फिटनेस के बाद ग्रीन कार्ड जारी कर दिया जाएगा। यात्रियों को सहूलियत देने के लिए परिवहन विभाग का यह पोर्टल पर्यटन विभाग की वेबसाइट में भी खुल सकेगा। यहां यात्रा का पंजीकरण कराने वाले यात्रियों को ग्रीन कार्ड बनाने का विकल्प भी नजर आएगा, जिसमें जाकर वे उपरोक्त प्रक्रिया अपनाते हुए ग्रीन कार्ड की रसीद प्राप्त कर सकेंगे। व्यावसायिक वाहनों को ट्रिप कार्ड बनाना जरूरी होगा। इसके लिए वह पोर्टल में ही ट्रिप कार्ड के आप्शन पर जाकर अपना लाइसेंस नंबर और जन्मतिथि डालेगा। इससे उसके लाइसेंस के संबंध में सारी जानकारी आ जाएगी। इससे यह पता चल सकेगा कि किस वाहन में कितने लोग किस तिथि को यात्रा पर जा रहे हैं। विभाग चेकपोस्ट पर भी जांच आसान करने की प्रक्रिया अपना रहा है।

# चोरी के मोबाईल समेत दो फरार आरोपी गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों प्रीतविहार में हुई मोबाईल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने चोरी के मोबाईल सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 25 मार्च को रजनीश पुत्र



गंगाराम निवासी प्रीत विहार ने रपट दर्ज कराई थी कि उसके घर के अंदर से रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा तीन मोबाइल चोरी कर लिए गये हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गश्त के दौरान रम्पुरा गुरूद्वारे के पास संदिग्ध रूप से घूमते भूपेंद्र पुत्र नौबत राम निवासी रम्पुरा वार्ड 22 को पूर्व में चोरी के दो मोबाइल के साथ पकड़ा था। जबकि अभियुक्त जगदीश सागर व सूरज कोली फरार चल रहे थै। पुलिस ने गत रात्रि फरार अभियुक्त सूरज कोली उर्फ बैगन पुत्र ओमप्रकाश निवासी वार्ड नंबर 23 रम्पुरा को चोरी के एक अदद मोबाइल के साथ व अभियुक्त जगदीश सागर पुत्र विजय सागर निवासी वार्ड नंबर 23 इमली मोहल्ला रम्पुरा को चोरी के मोबाईल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# चैक बाउंस के माले में आरोपी के घर की कुर्की की कार्रवाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चैक बाउंस के मामले में न्यायालय से जमानत लेने के बाद से फरार आरोपी के घर न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने उसके घर कुर्की की कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार गांव स्योहरा बिलासपुर रामपुर (यूपी) निवासी जयदीप सिंह पर वर्ष 2016 में 2.50 लाख रुपये की चेक बाउंस होने का आरोप था। पुलिस ने मुताबिक आरोपी जयदीप वर्ष 2017 में एक बार न्यायालय में हाजिर हुआ। वहां से तुरंत जमानत लेने के बाद वह लापता हो गया। इसके बाद पुलिस ने कई बार उसके घर में दबिश दी। लेकिन वह न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ। जिसके बाद जिला सत्र न्यायालय से उसके घर पर कुर्की का आदेश हुआ। आदेश पर अमल करते हुए पुलिस ने उसके घर पहुंच कर नोटिस चस्पा किया। इसके बावजूद भी वह हाजिर नहीं हुआ। रविवार को एसआई जय प्रकाश ने अपनी टीम के साथ ही वहां की पुलिस के साथ पहुंच कर उसके पर कुर्की की कार्रवाई की। एसएचओ विक्रम राठौर ने बताया कि उसके घर से टीवी, फ्रिज, बर्तन, बेड सहित कई जरूरी सामान जब्त कर लिए गए है। सामान अधिक होने के कारण उसे ग्राम प्रधान के पास रखवा दिया गया है।

# भाजपा शासन में जनता का जीना हुआ दुश्वार: डा. सुमित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। केंद्र एवं प्रदेश की डबल इंजन सरकार के जनविरोध ी निर्णयों से आम जनता का जीना दुश्वार हो गया है। एक बयान वरिष्ठ कांग्रेस नेता डा. सुमित राय ने कहा कि आम जनता पहले से ही महंगाई से जूझ रही है। अब सरकार ने बिजली, घरेलू सिलेंडर सहित दैनिक उपयोग की अन्य कई वस्तुओं के दामों में बढ़ोत्तरी कर आम जनता की तकलीफों को और बढ़ा दिया है। वहीं देवभूमि में शराब के दाम कम करके तमाम लोगों के घरों को जल्दी उजड़ने की पक्की व्यवस्था कर दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए नई आर्थिक नीतियां बनाकर देश में लागू कर रहे हैं। जो नेता इसका खुला विरोध करता है उसके विरुद्ध



राजनैतिक षड्यंत्र रच कर उसकी आवाज को दबा दिया जाता है। जैसा कि कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी के साथ हुआ। लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता इससे घबराने वाले नहीं हैं। केंद्र तथा प्रदेश सरकार के जनविरोधी निर्णय का हर कदम पर विरोध किया जाएगा। श्री राय ने कहा कि महंगाई बढ़ाने के स्थान पर भाजपा सरकार अपने मंत्रियों, सांसदो और विधायकों पर होने वाले अनावश्यक सरकारी खर्चों पर अंकुश लगाए। इससे देश को अरबों रुपयों की बचत हो जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार को यदि राजस्व बढ़ाना है तो सरकारी विभागों व उनके तमाम अधिकारियों तथा कर्मचारियों के द्वारा किए जा रहे सरकारी पैसों के घोटालों पर रोक लगाए। सुमित ने कहा कि जो जनप्रतिनिधि अपने चुनाव में लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर सकता है उसे जनसेवा के लिए सरकारी धन से वेतन और अन्य भत्ते देने का कोई औचित्य नहीं है।

# पूर्णागिरी धाम के लिए रवाना हुआ जत्था

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 6 जगतपुरा की शक्ति विहार कालोनी से मां पूर्णागिरि धाम के लिए श्रद्धालुओं की दो बसों को समाजसेवी संजय ठुकराल ने केसरिया झंडा दिखाकर रवाना किया। इसके बाद श्रद्धालु मां के जयकारों के साथ यात्रा के लिए रवाना हुए। इस दौरान श्री ठुकराल ने कहा कि मां पूर्णागिरि धाम करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है ।हर वर्ष पूर्णागिरि धाम में लगने वाले मेले में तराई




से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए जाते हैं ।उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में धार्मिक यात्रा का विशेष महत्व है। धार्मिक यात्रा से मन शुद्ध होता है और नई ऊर्जा का संचार होता है ।उन्होंने कहां कि धार्मिक यात्राओं से लोगों को धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है और नए स्थान पर भ्रमण से नई नई जानकारियां प्राप्त होती हैं ।इस अवसर पर हरिलाल प्रेमपाल प्रजापति अभिषेक प्रजापति पवन प्रजापति रोहित प्रजापति विष्णु कुमार अमन कुमार विशु सचिन शर्मा विजय राजेश श्रीवास्तव विक्की मुंजाल बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे।

# छात्रसंघ अध्यक्षा रश्मि को आपत्तिजनक पोस्ट कर दी धमकी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊं के सबसे बड़े महाविद्यालय एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी की छात्रसंघ अध्यक्षा रश्मि लमगड़िया के खिलाफ सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट करने के साथ ही उन्हें धमकी देने का मामला सामने आया है। आपत्तिजनक पोस्ट कॉलेज के एक छात्र ने सोशल मीडिया में लिखी है। इस संबंध में छात्रसंघ अध्यक्ष रश्मि लमगड़िया ने मुखानी थाने में आरोपी छात्र के खिलाफ तहरीर दी है।जिस पर मुखानी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मुखानी एसओ रमेश बोरा ने बताया छात्रसंघ अध्यक्ष रश्मि लमगड़िया ने तहरीर में लिखा है कि चुनाव से पूर्व एक छात्र ने उसके खिलाफ दुष्प्रचार कर वीडियो वायरल किया था। जिसकी शिकायत हल्द्वानी कोतवाली में दर्ज कराई थी, उसी आरोपी छात्र के एक साथी मुकेश ने 31 मार्च को इंस्टाग्राम में एक वीडियो पोस्ट की है। जिसमें उनके खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी गई है। ऐसे में उनके सम्मान और छवि को ठेस पहुंची है। उन्होंने बताया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नैनीताल में उमड़े सैलानी,दिनभर लगा जाम

## सड़क किनारे खड़े वाहन में लगे जैमर को पर्यटक ने तोड़ा

नैनीताल। सरोवर नगरी में वीकेंड पर सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। नगर के अधिकांश होटल सैलानियों से पैक हो गए। पर्यटन कारोबारियों का कहना है कि इस बार ग्रीष्मकालीन सीजन का शुभारंभ समय से पहले शुरू हो गया है। वहीं वाहनों का दबाव बढ़ने के कारण शहर में दिनभर जाम की स्थिति बन रही है। जिसके प्रबंधन के लिए पुलिस ने पर्यटक वाहनों रोक रोककर शहर में प्रवेश दिया। अमूमन 15 अप्रैल के बाद ग्रीष्मकालीन सीजन शुरू होता है, लेकिन इस बार 15 दिन पहले ही शुरू हो हो चुका है। जिस कारण नगर की रंगत में निखार आ गया है। रविवार को नगर के मुख्य स्थानों के होटल दोपहर में ही पैक हो गए। शाम के समय पहुंचे सैलानियों को होटल के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी। यही हाल पार्किंग स्थलों का भी रहा। डीएसए और मेट्रोपोल पार्किंग सुबह से ही पैक हो गए। डे विजिट पर आने वाले सैलानियों की भारी भीड़ पहुंची । स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, किलबरी, केव गार्डन, चिड़ियाघर, सरिताताल, वॉटर फॉल,



बोटनिकल गार्डन व हनुमानगढ़ी में पूरे दिन सैलानियों की आवाजाही रही। मालरोड में चहल कदमी करने वाले सैलानियों की भीड़ रही। नौका विहार करने वाले सैलानियों का तांता लगा रहा। पर्यटकों की आमद बढ़ने से पर्यटन कारोबारी बेहद खुश हैं। इधर भीमताल, सातताल, नौकुचियाताल, मुक्तेश्वर, रामगढ़, पंगोट, बजून व आदि समीपवर्ती पर्यटन स्थलों में भी चहल पहल बढ़ गई है। नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट के अनुसार इस बार सैलानियों की आमद में इजाफा हुआ है। यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए स्थानीय प्रशासन को मुकम्मल व्यवस्थाएं करनी होंगी। पर्यटन सीजन की शुरूआत से ही पुलिस की यातायात व्यवस्था लड़खड़ा गई है। शहर के भीतरी पार्किंग स्थल फुल होने के कारण सुबह से ही तल्लीताल डांठ, मालरोड, मस्जिद तिराहा, हाई कोर्ट मार्ग में जाम लगा रहा। पार्किंग की तलाश में पर्यटक वाहन घंटो रेंगते रहे। इधर दबाव बढ़ा तो व्यवस्था बनाने को पुलिस ने हल्द्वानी व भवाली मार्ग में टूटा पहाड़ व हनुमानगढ़ी के समीप वाहनों को रोक दिया। जहां से शहर के भीतर दबाव कम होने बाद धीरे धीरे वाहनों को भीतर प्रवेश दिया गया। शहर के मल्लीताल क्षेत्र में पर्यटक सड़क किनारे वाहन पार्क कर घूमने चला गया। काफी पुलिस द्वारा मुनादी करने के बाद भी जब सड़क से वाहन नहीं हटा तो पुलिस ने जैमर लगा दिया। वापस पहुंचने के बाद वाहन में जैमर लगा देख पर्यटक तिलमिला गया और उसने जैमर ही तोड़ दिया। पुलिस ने पर्यटक के विरूद्ध चालानी कार्रवाई करने के साथ ही जैमर का शुल्क भी वसूल किया। जानकारी के मुताबिक रविवार दोपहर मल्लीताल क्षेत्र में भारी जाम लग गया। पुलिस ने गश्त कर सड़क किनारे वाहन हटवाये। मगर इस बीच एक वाहन काफी मुनादी करने के बाद भी नहीं हटाया गया तो पुलिस ने जैमर लगा दिया। करीब आधे घंटे बाद पर्यटक वापस पहुंचा तो वाहन में जैमर लगा देख हंगामा करने लगा। जब पुलिसकर्मियों ने उसे चालान करने के बाद ही जैमर खोलने की बात कही तो उसने जैमर तोड़ दिया। जिसके बाद पुलिस उसे पकड़ कोतवाली ले गई। जहां पर्यटक छोड़ने की गुहार लगाने लगा। कोतवाल धर्मवीर सोलंकी ने बताया कि यूपी निवासी अभिषेक के विरुद्ध चालानी कार्रवाई के साथ ही जैमर शुल्क वसूल किया गया है।

# आरएएन स्कूल रुद्रपुर ने शतरंज में लहराया परचम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।दिल्ली ओपन इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में विभिन्न विद्यालयों के अनेकानेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल रुद्रपुर के कक्षा 7 के छात्र भव्य अरोरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और इस प्रतियोगिता में अपने उत्तम प्रदर्शन द्वारा श्रेष्ठ खिलाड़ी होने का खिताब जीता। भव्य अरोरा




को प्रमाण पत्र के साथ 25000 की नगद धनराशि से सम्मानित किया गया। इस जीत के साथ भव्य ने विद्यालय के सम्मान में चार चांद लगाए तथा इस प्रकार खेल जगत में विद्यालय का सम्मान बढ़ाया।इस अवसर पर संस्थापक विंग कमांडर एच० के० राय, प्रबन्धक श्रीमान मोहित राय, प्रशासिका श्रीमती निधि राय, प्रधानाचार्य श्रीमती भावना भनोत ने बच्चे एवं उसके माता पिता को बधाई देते हुए छात्र के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

# महिला कांग्रेस में भागीरथी, जया, शोभा व नीलू को मिली जिम्मेवारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारणी मे हल्द्वानी की महिला नेत्री पूर्व प्रधान श्रीमती भगीरथी बिष्ट को वरिष्ठ उपाध्यक्ष,



पूर्व कनिष्ठ ब्लाक प्रमुख श्रीमती जया कर्नाटक को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पूर्व वार्ड मेंबर श्रीमती शोभा बिष्ट को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं श्रीमती नीलू नेगी को प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर विधायक सुमित हृदयेश, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महेश शर्मा, हरेंद्र बोरा, सतीश नैनवाल, दीपक बल्यूटिया, किरण महरा, संजय किरोला, दीप सती, शशि वर्मा, राधा चौधरी ने उन्हें शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि महिला शक्ति कांग्रेस के लिए मेहनत से कार्य करेगी, जिसका परिणाम स्वरूप आगामी निकाय एवं लोकसभा चुनाव मे काग्रेस विजय होगी।

# शिविरार्थियों ने देखी देश दुनिया की फिल्में

रामनगर (उद संवाददाता)।पी एन जी पी जी महाविद्यालय की बालिका शिविरार्थियों ने देश दुनिया की बेहतरीन फिल्में देखीं। अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कालेज में चल रहे शिविर की बालिकाओं के लिए रचनात्मक शिक्षक मंडल की पहल पर चार दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम के पहले दिन की शुरुआत भारत माता की जय डाक्यूमेंट्री से हुई।प्रसिद्ध फिल्मकार श्याम बेनेगल द्वारा जवाहर लाल नेहरू की किताब भारत एक खोज पर बनी फिल्म का यह पहला एपिसोड है। फिल्मकार भारतीय इतिहास के विभिन्न कालखंडों पर प्रकाश डालते हैं, जिसमें प्राचीन इतिहास से लेकर 1947 तक की कालावधी शामिल है।शिविरार्थियों ने दूसरी फिल्म गीतांजलि राव निर्देशित प्रिंटेटेड रेनबो देखी।प्रिंटेड रेनबो एक ऐसी बूढ़ी महिला की कहानी है जो एक शहर के फ्लैट में अकेली रहती है।वह बूढ़ी महिला दियासलाई के डिब्बों के



माध्यम से अपने दुखभरे समय को याद करती है तो भविष्य के रंगीन सपने देखती है।इस फिल्म में उसकी दोस्त है एक बिल्ली।सिनेमा कार्यक्रम संयोजक नवेंदु मठपाल ने सिनेमा के इतिहास के साथ साथ सिनेमा में ध्वनि व चित्रों के महत्व पर बातचीत रखी।इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी जे. एस. नेगी,कार्यक्रम अधिकारी छात्रा इकाई डॉ. शिप्रा पंत,डॉ. ममता भदोला जोशी, ग्रुप लीडर चंद्रा, दीपा मेहरा, पूजा बेलवाल, ज्योति कांडपाल, आशा, ज्योति रावत, कविता, अंजू प्रकाश चंद्र मौजूद रहे।

# प्रतिमा विसर्जन के साथ मां बसंती दुर्गा पूजा महोत्सव का समापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रियल गेट अप स्पोर्टिंग क्लब द्वारा रविंद्रनगर वार्ड नंबर 37 में गत 27 मार्च से आयोजित मां बसंती दुर्गा पूजा महोत्सव का गत सायं प्रतिमा विसर्जर के साथ विधिवत समापन किया गया। श्री श्री बसंती दुर्गा पूजा महोत्सव माता त्रिमूर्ति विसर्जन समारोह मैं वार्ड के कई लोग माता की मूर्ति के साथ गंगापुर स्थित नहर मैं सम्मिलित हुए। माता की प्रतिमा के विसर्जन के साथ पूजा एव मेले का समापन हुआ। अयोजन कमेटी ने बताया कि यह पूजा रविंद्र नगर में प्रथम बार हुआ। परंतु महोत्सव के मध्य मौसम के खराब



होने के कारण 2 दिन का मेला एव सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा। कमेटी के अध्यक्ष एसपी सरकार ने बताया कि इस बार की अपेक्षा अगली बार की पूजा बेहतरीन होगी। प्रतिमा विसर्जन के दौरान कमेटी में अध्यक्ष एसपी सरकार, उपाध्यक्ष प्रदीप दास, सचिव तारक अधिकारी, उपसचिव सूरज विश्वास, कोषाध्यक्ष अर्जुन, संस्कृतिक प्रभारी भारती और निकिता, सुनील घोष, सुब्रत, शुभम, वंश, देवास, महिंद्र पाल, महेश मंडल, गोपाल शाह, शांति मंडल, अनूप सरकार, धीरज विश्वास, देव बाला, कमलेश मंडल, सुकुमार सरकार ,मान सिंह, प्रभास वैद्य, मानदार मंडल, मनोज अधिकारी, संजय बोस, शिव वैद्य, सुमन मंडल, बलाई मंडल, अजय मंडल, रंजीत राय, अजय सरकार, शुभम रफ्तान आदि लोग उपस्थित थे।

# सड़क पर डामरीकरण के लिए कैबिनेट मंत्री का जताया आभार

बागेश्वर(उद संवाददाता)।पालड़िछिना-जैनकरास मोटर मार्ग में अपने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पिता के नाम से बनाई जा रही सड़क को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए संघर्षरत फौजी फतेह सिंह करायत क्षेत्र के लोगों को सड़क सुविध ा का लाभ देने के लिए मुख्यमंत्री, राज्यपाल और राष्ट्रपति तक सड़क निर्माण के लिए दस्तक दे चुके है,वही सड़क के लिए आमरण अनशन भी कर चुके है,सड़क में डामरीकरण को लेकर ज्ञापन और पुन: आंदोलन की चेतावनी के बाद सरकार ने उनकी सुध ली है,क्षेत्रीय विधायक और केबिनेट मंत्री चंदन राम दास द्वारा स्वतंत्रता




संग्राम सेनानी स्वर्गीय स्व.महेंद्र सिंह करायतके नाम से स्वीकृत सड़क पालडीछीना चनोली जैन करास कंगारछीना मोटर मार्ग के लिए पांच किलोमीटर के डामरीकरण हेतु तीन करोड़ तीस लाख साठ हजार की वित्तीय स्वीकृति कराई है, जानकारी मिलने पर क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है,स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी फौजी फतेह सिंह के परिवारजनों, भाजपा जिला मंत्री रवि करायत,पूर्व जिला उपाध्यक्ष बालम सिंह बिष्ट खरेही मंडल अध्यक्षा हेमा रैतेला,जिपं सदस्य नवीन नमन, हरीश सिंह जनौटी ,ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख पुष्पा रैतेला, ठाकुर सिंह रैतेला, क्षेत्रपंचायत सदस्य राजेंद्र प्रसाद,सुंदर सिंह ,देव सिंह ,शंकर सिंह जीवन सिंह,मोहन चंद्र जोशी,भुबन चंद्र जोशी ,नवीन जोशी सहित सभी क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री और क्षेत्रीय विधायकऔर केबीना मंत्री चन्दन राम दास का आभार जताया।

# बच्चों की माताओं को मिला कमला नेहरू पुरस्कार

गरुड़(उद संवाददाता)। खोलिया विवेकानंद इंटर कॉलेज गरुड़ में स्व. कमला नेहरू पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। चयनित 46 छात्र-छात्राओं की माताओं को एक-एक हजार की नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर तहसीलदार तितिक्षा जोशी ने कहा कि अधिकारी कमलेश्वरी मेहता ने कहा कि विकासखंड में सर्वाधिक 46 पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय ने एक कीर्तिमान स्थापित किया है। कहा कि बच्चे पॉजिटिव सोचें और एक निध रित लक्ष्य बनाएं। उन्होंने बच्चों को करियर बनाने के टिप्स भी दिए। प्रध ानाचार्य कैलाश चंद्र जोशी ने कहा कि



मेहनत करने से ही सफलता मिलती है। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि तहसीलदार तितिक्षा जोशी ने कहा कि बच्चों को आगे बढ़ाने में उनकी माताओं का विशेष योगदान होता है। उन्होंने कहा कि विद्या भारती के स्कूल संस्कारों के साथ बेहतर शिक्षा देने का काम कर रहे हैं। अध्यक्षता करते हुए खंड शिक्षा बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों की मेहनत से ही विद्यालय को यह सम्मान मिला है। संचालन शिक्षक और वरिस्ठ पत्रकार चंद्रशेखर बड़सीला ने किया। इस दौरान बीआरपी भुवन भट्ट, वरिष्ठ प्रवक्ता मदन मोहन पांडेय, सुरेश जोशी, भुवन मिश्रा, श्यामाचरण पाटनी, गणेश कांडपाल, भावना रावत, इंद्रा पांडे आदि मौजूद थे।

# पिपलिया में टीन शेड निर्माण कार्य का किया शुभारम्भ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विध ायक शिव अरोरा ने विधानसभा रुद्रपुर के ग्राम पिपलिया में जिला योजना से स्वीकृत टीन शेड के निर्माण कार्य का फीता काटकर शुभारम्भ किया । इस दौरान विधायक शिव अरोरा का ग्राम पिपलिया न. 2 पहुँचने पर स्थानीय लोगो द्वारा स्वागत किया गया। विधायक ने कहा सार्वजनिक स्थल पर समय समय पर सामाजिक धार्मिक अनुष्ठान होते रहते है और लंबे समय से इस प्रांगण में टीन शेड के निर्माण को लेकर पहले भी ग्रामवासियों द्वारा मांग की गई थी। जिसको जिला योजना से स्वीकृत करवा कर आज इसके निर्माण कार्य का शुभारंभ करवा दिया है ,निश्चित रूप से जल्द ही यह कार्य पूर्ण हो जायेगा जिसका यहाँ के लोगो को ध ार्मिक समाज आयोजन के समय



काफी लाभ मिलेगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा एक साल का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में विकास कार्यो गति आयी है और आने वाले समय मे क्षेत्र के चुहमुखी विकास के लिये हम लगातार कार्य कर रहे है। इस दौरान जिला महामंत्री अमित नारंग, मण्डल अध्यक्ष हरीश भट्ट , जिला पंचायत सदस्य जगदीश विश्वास ,कमल मंडल, गोविंद स्वर्णकार , अरुण खुराना कपिल मंडल ,बंसी विश्वास,गोर सरकार, कपिल नारंग,पलाश,संजय राय,विजय राय,बबलू विश्वास, कन्हाई विश्वास, वर्षा विश्वास, गौतम ,भवानी, पोलाश कीर्तनिया,रूपचंद मण्डल, कपिल मण्डल,कन्हाई विश्वास, कार्तिक हालदार, प्रोविद मण्डल,दीपक शील व अन्य लोग मौजूद रहे।

# समाजहित एके कार्यों के लिए योगेन्द्र साहू को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से किए जा रहे समाजहित एवं भारतहित में कार्यों के लिए संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू को ग्रेटर ग्वालियर साहू समाज समिति के द्वारा आयोजित माँ कर्मा देवी जयंती महोत्सव के कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों ने शॉल ओढ़ाकर सम्मान पत्र चांदी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू ने



इस सम्मान स्नेह आशीर्वाद के लिए मध्यप्रदेश तैलिक साहू सभा के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष विकास साहू का आभार प्रकट करते हुए कहा कि संस्था की जिस दिन से स्थापना हुई है उसी दिन से संस्था लगातार समाजहित एवं भारतहित में कार्य कर रही है क्योंकि सुख समृद्धि एवं शांति से परिपूर्ण जीवन के लिए सच्चरित्र तथा सदाचारी होना ही पहली शर्त है जो उत्कृष्ट विचारों के बिना संभव नहीं है और हमें यह दुर्लभ मानव जीवन किसी भी कीमत पर निरर्थक और उद्देश्यहीन नहीं जाने देना चाहिए ।इस दौरान सम्मानित करने में मध्यप्रदेश तैलिक साहू सभा के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष विकास साहू, ग्रेटर ग्वालियर साहू समाज समिति अध्यक्ष महेन्द्र साहू, मनीष साहू, पंकज मोदी, अमित साहू, गजेंद्र साहू, अशोक कुमार साहू, नितेश साहू, कंचन साहू, मोहित साहू, भूपेंद्र साहू, मनोज साहू आदि हजारों लोग उपस्थित रहे।



भगवान महावीर जयन्ती के उपलक्ष्य में
सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
संजीव जैन   अमित जैन   निनाद जैन
मै० मां पदमावती स्टील ग्रुप

# महावीर जयंती पर निकाली पालकी यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कॉलोनी स्थित श्री 1008 आदिश्वर दिगंबर जैन मंदिर के तत्वाधान में महावीर जयंती के उपलक्ष में गत दिवस पालकी यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें आचार्य श्री 108 सुबल सागर जी महाराज का ससंघ सानिध्य प्राप्त हुआ। वहीं महावीर जयंती के पावन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। आचार्य श्री आदिश्वर जैन मंदिर रुद्रपुर पहुंचे जिसमें भगवान महावीर के पांच महाव्रतओं का उपदेश दिया, जिसमें अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, आचार्य और ब्रह्मचर्य के बारे में बताया। उन्होंने कहा जीवो को नहीं मारना ही अहिंसा है चोरी ना करना अचोर्य है, झूठ नहीं बोलना सत्य है, आवश्यकता से अधिक वस्तुओं का संग्रह करना अपरिग्रह है, संयम का पालन करना ब्रम्हचर्य है। आचार्य श्री के उपदेश के पश्चात पालकी यात्रा प्रारंभ हुई, पालकी यात्रा महावीर वाटिका की परिक्रमा करते हुए मंदिर में संपन्न हुई। पालकी यात्रा में काशीपुर जैन समाज के अध्यक्ष योगेश जैन, विनय जैन, हल्द्वानी जैन समाज के अध्यक्ष संजय जैन, अनिमेष जैन, बिलासपुर जैन समाज के अध्यक्ष व महामंत्री संदेश जैन, नवीन जैन एडवोकेट सहित अमित जैन लोहिया, एनके जैन, पारस जैन, अनुज जैन, विवेक जैन, आलोक जैन, कमल जैन, पीयूष जैन, नितेश जैन, संजीव जैन एवं रुद्रपुर महिला मंडल की सारिका जैन, स्वाति जैन, अनुराधा जैन, रेनू जैन, अनुमेहा जैन, रुचि जैन, पूनम जैन इत्यादि उपस्थित रहे।





# एमएससी हल्द्वानी की टीम ने जीता वॉलीबाल टूर्नामेंट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के पिता स्वर्गीय खानचंद ठुकराल की स्मृति में वार्ड नं 36 आदर्श कालोनी स्थित बुधपार्क में दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट समापन में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ,समाज सेवी जसविंदर सिंह खरबंदा,विजय भूषण गर्ग व ठाकुर जगदीश सिंह ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने कहा कि खेलों का जीवन में अहम योगदान है। खेल शारीरिक और मानसिक विकास में के लिए जरूरी है। खेलों से जहां शरीर स्वस्थ रहता है वहीं खेल आपसी सदभाव भी बढ़ाते हैं। खेलों से जीवन में अनुशासन की भावना का भी विकास होता है। इस दौरान फाइनल मैच चंदोला क्लब व एमएससी क्लब हल्द्वानी के बीच हुआ था जिसमें एमएससी हल्द्वानी की टीम ने 5 सेट के मैच में से हल्द्वानी एमएससी क्लब ने 3-1 से ट्रॉफी पर कब्जा किया। विजेता टीम को 11 हजार और उपविजेता टीम को 7 हजार की पुरस्कार राशि कमेटी द्वारा प्रदान की के गई इस अवसर पर सरदार साहब सिंह, सिंह,



हरविंदर सिंह , ताराचंद अग्रवाल हरीश जहलोत्रा, विजय भूषण गर्ग, विपिन शर्मा बिट्टू, संजय ठुकराल, केशव शर्मा, गौरव आहूजा ,राजेश कामरा, राजेश ग्रोवर, अजय नारायण , महेंद्र आर्य ,कमल राणा, मोंटी खेड़ा, विक्रम बिष्ट, मंदीप सिंह, गौरव चौहान, अक्षत चंदोला, हिमांशु पारीक, पवन पहाड़ी, पवन नगरकोटी, सूरज आर्य, राकेश कुमार, अखिलेश शर्मा, अनमोल ग्रोवर, वसीम त्यागी, विजय जैन, मनोज आर्य, अमित कक्कड़, विशाल खुराना, शैलेंद्र कोली, हिम्मत राम कोली, संजय आर्य, साहब सिंह, प्रिंस नारंग, आशा आर्य, कविता राणा, हिमानी आर्य, निशू शर्मा, डॉली खेड़ा,बंटी कोली आदि मौजूद रहे।

# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया डीपीएस का स्थापना दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।दिल्ली पब्लिक रुद्रपुर ने अपना 6 वाँ स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया। डी. पी. एस. रुद्रपुर के ग्रेजुएशन समारोह के लिए कोलंबिया की राजदूत मुख्य अतिथि अलेजांद्रा मारिया रोड्रिगेज सिएरा, विशिष्ट अतिथि मंजुनाथ टी०सी० एसएसपी ऊधमसिंह नगर, तथा अन्य गणमान्य जन श्रीमती नंदिता मंजुनाथ, श्री पवन अग्रवाल जी उपस्थित रहें ।सर्वप्रथम आगन्तुक अतिथियों का भारतीय परम्परा का निर्वाह करते हुए स्वागत किया गया । कार्यक्रम में छात्रों द्वारा मनमोहन प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कोलंबिया की राजदूत मिस अलेजांद्रा ने अपने उद्‌बोधन में विद्यालय में छात्रों और विद्यालय में मिल रही सुविधाओं की तारीफ की और कहा देवभूमि उत्तराखंड अपनी संस्कृति के लिए विश्व प्रसिद्ध है । इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमेन सुरजीत सिंह ग्रोवर ने कहा कि दिल्ली पब्लिक स्कूल रुद्रपुर की आज से 6 वर्ष पूर्व ही इसकी नींव रखी गई थी और



अपने शुरुआत के 6 वर्षों में दिल्ली पब्लिक स्कूल अनेक क्षेत्रों में अपना नाम रोशन किया है और यह पूरे रूद्रपुर के साथ साथ उत्तराखंड के लिए गर्व की बात है।श्री सिंह ने आगे कहा कि कुछ वर्ष पूर्व क्षेत्र में अच्छे स्कूलों का अभाव होने के कारण बच्चों को बाहर जाकर अपनी पढ़ाई करनी पड़ती थी द्य दिल्ली पब्लिक स्कूल के खुलने के बाद अब बच्चों को अनेक शैक्षिक और सहशैक्षिक गतिविधियों का लाभ रुद्रपुर में ही मिल रहा है। इस अवसर पर सुरजीत सिंह ने पूरे विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी और कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर किया और इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य जन भी मौजूद रहे।

# हल्द्वानी में महिला रामलीला देखने उमड़ा लोगों का हजूम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पर्वतीय संस्कृति उत्थान मंच हीरा नगर में नगर के इतिहास में पहली बार महिला रामलीला मंचन की शुरुआत हुई है। केंद्रीय पर्यटन मंत्री अजय भट्ट ने महिला पुनर्नवा समिति द्वारा आयोजित रामलीला का शुभारंभ किया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन पर आधारित इस रामलीला में सभी पात्र महिलाएं हैं। रामलीला में 10 साल से लेकर 70 साल की महिलाएं अभिनय कर रही है। रामलीला का संचालन भी महिलाओं द्वारा ही किया जा रहा है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने सभी महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि पहली बार इस तरह से महिलाओं ने हल्द्वानी में रामलीला का आयोजन किया है जो महिला सशक्तिकरण के लिए अच्छा प्रयास है। रामलीला में पहली बार अभिनय निभाने



वाली महिलाओं में खासा जोश देखा जा रहा है। महिलाओं का कहना है कि पहली बार हल्द्वानी में महिला रामलीला का आयोजन हो रहा है। जहां भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने के साथ- साथ महिला सशक्तीकरण का बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है। आयोजकों का कहना है कि अभी तक दशहरे के समय में रामलीला का आयोजन होता है।लेकिन पहली बार महिलाओं द्वारा हल्द्वानी में रामलीला का आयोजन किया गया है जो चौत्र माह की रामलीला है। कहा जाता है कि भगवान श्रीराम का जन्म चौत्र मास में हुआ था। ऐसे में चौत्र की रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। जिससे कि लोग श्रीराम के आदर्शों पर बताए मार्ग पर चलें। रामलीला देखने के लिए भारी संख्या में महिलाएं और पुरुष पहुंच रहे हैं। रामलीला के सभी कलाकार स्थानीय महिलाएं हैं। जिन्होंने लंबे समय से रिहर्सल कर तैयारी की है। रामलीला के पहले दिन राम लक्ष्मण जन्म और नारद मोह का सुंदर अभिनय महिलाओं द्वारा किया गया। 2 अप्रैल से 11 अप्रैल तक महिला रामलीला का आयोजन किया जाएगा।

# सटोरिये को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान सट्टे की खाईबाड़ी करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना बनभूलपुरा पुलिस का. मुन्ना सिंह व भूपेन्द्र जेष्ठा द्वारा चौकिंग के दौरान गौला पार्किंग के पास मौ. कमर उर्फ कमरू पुत्र अब्दुल रज्जाक निवासी वार्ड 26 बनभूलपुरा को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर



उसके कब्जे से सट्टे की पर्चियॉ तथा 1060 रूपये नगद बरामद हुए। पुलिस ने मौ. कमर के विरुद्ध धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# विदेशी व्यापार

आयात के मुकाबले निर्यात को बढ़ाना अब भी सरकार के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई हैबढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच जब व्यापारिक गतिविधियों को गति देना चुनौती बना हुआ है, भारत ने अपनी नई विदेश व्यापार नीति जारी कर दी है। इसमें अगले सात सालों में निर्यात को दो हजार अरब डालर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसे संतुलित बनाए रखने के लिए यह भी रेखांकित किया गया है कि वस्तुओं के निर्यात पर अधिक जोर होना चाहिए, ऐसा न हो कि केवल सेवाओं के निर्यात को प्रश्रय मिले।अभी तक विदेश व्यापार नीति हर पांच साल पर जारी की जाती रही है, मगर यह पहली बार है, जब इसकी कोई अवधि निर्धारित नहीं की गई है। बदलती वैश्विक परिस्थितियों के मुताबिक इसमें बदलाव करने की नीति अपनाई गई है। यानी व्यापार नीति को खासा लचीला बना दिया गया है। स्वाभाविक ही, इससे व्यापार और वाणिज्य के क्षेत्र में कुछ गति आने की उम्मीद बनी है। पहले ही सरकार व्यापार संबंधी नियमों को काफी लचीला बना चुकी है, जिससे निर्यात में अनेक जटिलताएं दूर हो चुकी हैं। इसी के चलते कोरोना काल में जब व्यापारिक गतिविधियां ठहर-सी गई थीं, भारत आर्थिक झंझावातों से जल्दी बाहर निकल आया। मगर आयात के मुकाबले निर्यात को बढ़ाना अब भी सरकार के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। पिछले महीने आए आंकड़ों के मुताबिक भारत का व्यापार घाटा कुछ कम हुआ है और अगले दो-तीन सालों में इसके और कम होने की उम्मीद जताई गई है। दरअसल, पिछले चार-पांच सालों में भारत का निर्यात लगातार कम होता गया है। इसके मुकाबले आयात बढ़ा है। इस तरह व्यापार घाटा बढ़ते हुए चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया था। फिर सरकार ने व्यापार घाटा कम करने पर ध्यान केंद्रित किया और उसके सकारात्मक नतीजे पिछले महीने देखने को मिले। मगर उसमें ऐसा भी नहीं कि निर्यात की दर बढ़ गई, बल्कि पिछले सालों की तुलना में कुछ कम ही हुई थी, मगर आयात में कमी करने की वजह से व्यापार घाटा कम दर्ज हुआ था।इस तरह निर्यात की दर बढ़ाने को लेकर नए सिरे से रणनीति बनाने की जरूरत लगातार रेखांकित की जा रही थी। नई व्यापार नीति के जरिए इसमें उत्साह पैदा करने का प्रयास किया गया है। अनुमान है कि चालू वित्तवर्ष में निर्यात 765 अरब डालर का होगा। पिछले वित्तवर्ष में 676 अरब डालर का हुआ था। हालांकि इस रफ्तार से भी निर्यात बढ़ता रहा, तो अगले सात सालों में इसके दो हजार अरब डालर तक पहुंचना आसान बात नहीं होगी।नई विदेश व्यापार नीति में उन देशों में निर्यात बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जहां डालर की पहुंच कमजोर हुई है या जो डालर के बजाय अपनी मुद्रा में व्यापार करने को इच्छुक हैं। भारत डालर के बजाय रुपए में व्यापार बढ़ाने पर जोर दे रहा है। वैसे भी दुनिया के कई देश अब वाणिज्य-व्यापार में डालर की बाध्यता से मुक्त होना चाहते हैं। रूस और चीन परस्पर व्यापार को युआन में करने पर जोर दे रहे हैं। मगर अभी विकासशील देशों के लिए डालर के चक्र से बाहर निकलना इतना आसान नहीं है। भारत चाहे तो रूस और चीन के साथ इस मामले में कुछ मुक्त हो सकता है। बाकी देशों में वह किस तरह अपना तंत्र बनाता है, देखने की बात होगी। मगर असल चुनौती है कि कैसे दुनिया के बाजार में भारतीय उत्पाद के लिए जगह तलाशी और बढ़ाई जाए। इसके लिए दूतावासों को और सक्रिय करने की बात है।

# पुरानी पेंशन बहाली देने का चुनावी वायदा पूरा करे सरकार

बागेश्वर(उद संवाददाता)। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन जिला इकाई की बैठक हुई, बैठक में संगठन की मजबूती के साथ- साथ दिल्ली में होने वाली रैली को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली तक लड़ाई जारी रहेगी। नई पेंशन योजना में कर्मचारियों का हित सुरक्षित नहीं है। इसे कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रकटेश्वर मंदिर में आयोजित बैठक में आय-व्यय का विवरण रखा गया। बैठक में तय किया गया कि नौ अप्रैल को



कपकोट ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा।16 अप्रैल को जिला स्तरीय पेंशन संवैधानिक मार्च के लिए विस्तार से चर्चा की गई। एक अक्टूबर को दिल्ली में रैली आयोजित होगी। इसमें शामिल होने के लिए जिले से अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुंचेंगे। इसके लिए अभी से संपर्क किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा। जब तक पुरानी पेंशन योजना लागू नहीं हो जाती कर्मचारियों का आंदोलन जारी रहेगा। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नरेंद्र पालनी व संचालन जिला मंत्री कमलेश कुमार पांडे ने किया। इस मौके पर बागेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष विवेक पांडेय, आनंद चौहान, मुन्नी कठायत, गीता तिवारी, कैलाश कांडपाल, भारतेंदु पंत, प्रकाश टाकुली, लक्ष्मण कोरंगा, हरेंद्र रावल आदि मोजूद रहे।

# डिग्रियों पर विवाद और ज्ञान की महिमा

अकसर तर्क अंहकार को जन्म देता है, जो अपरिपक्व ज्ञान पर आधारित होता है। हमारे देश में प्रमाण-पत्र और उपाधि (डिग्री) आधारित शिक्षा यही कर रही है। भारत में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, लेकिन शालेय शिक्षा कुशल-अकुशल की परिभाषाओं से ज्ञान को रेखांकित किए जाने के कारण महज कागजी काम से जुड़े डिग्रीधारी को ही ज्ञान का अधिकारी मान लिया है। जबकि परंपरा अथवा काम के प्रति श्रमसाध्य समर्पण के बूते कौशल- दक्षता हासिल कर लेने वाले राजनेता,समाजसेवी, फिल्म, टीवी व लोक कलाकार, शिल्पकार मारवाड़ी व्यापारी और किसान को अशिक्षित व अज्ञानी माना जाता है। डिग्री बनाम योग्यता जैसे विवादास्पद मुद्दे से जुड़े ऐसे मामले हाल ही में महात्मा गांधी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदर्भ में सामने आए हैं।इसी समय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 23 फर्जी विश्वविद्यालय और अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों की सूची जारी की है।क्या हम इन संस्थानों से अपेक्षा रख सकते हैं कि उनका डिग्री बांटने का आधार योग्यता रहा होगा?जिन केंद्रीय विश्वविद्यालयों को उत्तम शिक्षा देने के लिए खड़ा किया गया था, उनमें से बीते पांच साल के भीतर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के 19 हजार से ज्यादा छात्र बीच में ही संस्थान छोड़ गए।केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सुभाष सरकार ने हाल ही में राज्यसभा में यह जानकारी दी है।जिस देश में उच्च शिक्षा के ऐसे बदतर हाल हों,वहां के सत्ता के कर्णधार उन लोगों की डिग्रियों पर प्रश्नचिन्ह लगा रहे हैं, जो देश-दुनिया में अपनी महानता के बहुआयाम स्थापित कर चुके हैं।इसे उच्च डिग्रीधारियों की सोच की विडंबना ही कहा जाएगा। सफल टीवी कलाकार व राजनेत्री स्मृति ईरानी के संदर्भ में भी यह सवाल ने उस समय तूल पकड़ा था,जब मात्र बारहवीं कक्षा पास होने के बावजूद नरेंद्र मोदी ने उन्हें शिक्षा की सभी संभावनाओं से संबद्ध मानव संसाधन विकास मंत्री बना दिया था। उच्च शिक्षा से लेकर सभी भारतीय तकनीकी संस्थान इसी मंत्रालय के अधीन हैं। इसलिए सवाल उठाया गया था कि जो व्यक्ति खुद इंटर तक पढ़ा है, वह शिक्षा के उच्चतम मानकों को कैसे समझेगा ? इस सोच में डिग्री आधारित आभिजात्यवादी मानसिकता रही थी। आधुनिक व अंग्रेजी शिक्षा की इस देन ने हमारे मस्तिष्क के दायरे को संकीर्ण किया है। इससे उबरे बिना कल्पनाशील प्रतिभाओं को उनकी मेधा के अनुरूप स्थान मिलना मुश्किल है।अब यह मुद्दा जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा नरेंद्र मोदी की डिग्री पर उठाए सवालों पर गर्माया हुआ है।सिन्हा ने आईटीएम ग्वालियर में डॉ राममनोहर लोहिया स्मृति व्याख्यानमाला में अकारण महात्मा गांधी शैक्षिक योग्यता पर बात करते हुए कहा कि श्उनके पास एक भी विश्वविद्यालय की डिग्री नहीं थी।उनके पास केवल हाई स्कूल का डिप्लोमा था।उन्होंने वकालत करने के लिए अर्हता प्राप्त की थी,कोई कानूनी डिग्री उनके पास नहीं थी। हालांकि देश और दुनिया ने उनका लोहा किसी कथित डिग्री से नहीं आजादी के संघर्ष और सत्य व अहिंसा के सिद्धांत से माना।इस सिद्धांत के आदर्श किसी पाठ्यक्रम की किताब से नहीं ,बल्कि भारतीय दर्शन के मूल से उन्होंने आत्मसात किए थे।शगीताश उनकी प्रेरणा की मुख्य आधार रही है।तत्पश्चात भी गांधी के परपोते तुषार गांधी ने जवाब देते हुए कहा कि श्उन्होंने 10 वीं की परीक्षा राजकोट के अल्फ्रेड हाई स्कूल से उत्तीर्ण की थी।लंदन से भी दसवीं परीक्षा के समकक्ष मैट्रिकुलेशन परीक्षा पास की थी।यही नहीं लंदन विश्वविद्यालय से संबद्ध इनर टेंपल विधि महाविद्यालय से कानून की पढ़ाई की और परीक्षा उत्तीर्ण की।इसके अलावा उन्होंने लातिन और फ्रेंच में दो डिप्लोमा हासिल किए थे।श्यानी या तो एमटेक होने के बावजूद सिन्हा का ज्ञान अधूरा है या वे पूर्वग्रही मानसिकता से ग्रस्त हैं। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री मांगने पर गुजरात उच्च न्यायालय ने अरविंद केजरीवाल पर 25 हजार का जुर्माना लगा दिया।तब भी उन्होंने एक बार फिर मोदी की शैक्षिक योग्यता पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि श्आज देश के सामने एक ही प्रश्न है कि क्या इक्कीसवीं सदी में देश के प्रधानमंत्री पढ़े लिखे होना चाहिए या नहीं?यदि पीएम पढ़े होंगे तो कोई बहलाकर कहीं भी उनसे हस्ताक्षर नहीं करा पाएगा।श्केजरीवाल वही मुख्यमंत्री हैं,जिनके सरकार के शिक्षा मंत्री शराब नीति घोटाले में और सत्येंद्र जैन मनी लांड्रिंग के आरोप में दिल्ली की तिहाड़ जेल में हैं।इस सिलसिले में भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने ठीक ही कहा है कि सत्येंद्र और मनीष से तो दस्तखत किए जाएंगे, लेकिन केजरीवाल खुद केवल पढ़ेंगे और भ्रष्टाचार कराएंगे, ताकि कोई दूसरा निपटे।श्खैर इस लेखक का उद्देश्य डिग्री से योग्यता की तुलना करना नहीं है, बल्कि जन्मजात योग्यता का मूल्यांकन करना है। कुछ दिन पहले खबर आई थी कि मंगलुरू के किसान गणपति भट्ट ने नारियल और सुपारी के पेड़ों पर चढ़ने वाली बाइक बनाने में सफलता प्राप्त की है। इसी तरह द्वारिका प्रसाद चौरसिया नाम के एक युवक ने पानी पर चलने के लिए जूते बनाए हैं। उत्तरप्रदेश के इस युवक की इस खोज के पीछे की कहानी थी कि उसने सुन रखा था,साधु संत साधना के बाद पानी पर चल सकते हैं। द्वारिका ने तप का आडंबर तो नहीं किया, लेकिन अपनी कल्पनाओं को पंख देकर एक ऐसा जूता बनाने की जुगाड़ में जुट गया, जो पानी पर चल सके। इस तकनीक को इजाद करने में वह सफल भी हुआ और पानी पर चलने वाले एक जोड़ी जूतों का आविष्कार कर लिया। इन दोनों खोजों को 'नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन' ने मान्यता भी दी है। इस प्रतिष्ठान के प्रोफेसर अनिल गुप्ता और उनकी टीम देश में मौजूद ऐसे लोगों को खोज रहे हैं, जो कम मूल्य के ज्यादा उपयोगी उपकरण बनाने में दक्ष हैं। इस अनूठी खोज यात्रा के जरिए यह दल देश भर में 25 हजार ऐसे आविष्कार खोज चुके हैं, जो गरीब लोगों की मदद के लिए बनाए गए हैं। इसके पहले विश्व प्रसिद्ध फोर्ब्स पत्रिका भी ऐसे 7 भारतीयों की सूची जारी कर चुकी है, जिन्होंने ग्रामीण पृष्ठभूमि और मामूली पढ़े-लिखे होने के बावजूद ऐसी नवाचारी तकनीकें इजाद की हैं, जो समूचे देश में लोगों के जीवन में आर्थिक स्तर पर क्रांतिकारी बदलाव ला रही हैं। लेकिन डिग्री को ज्ञान का आधार मानने वाली हमारी सरकारें ऐसी जकड़बंदी में रही हैं कि वह इन अनूठी खोजों को आविष्कार ही नहीं मानती, क्योंकि इन लोगों ने अकादमिक अर्थात डिग्रीधारी शिक्षा प्राप्त नही की है। डिग्री ही योग्यता की गारंटी हो, यह ज्ञान को मापने का पैमाना ही गलत है। देश में ऐसे बहुत से पीएचडी और डिलीट हैं, जो प्राथमिक-माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ा रहे हैं। सरकारी नौकरी पाने में असफल रहे, ऐसे भी बहुत से लोग हैं, जिन्होंने कोचिंग संस्थाएं खोलकर लाखों चिकित्सक व अभियंता बना दिए। दूसरी तरफ हमारे यहां उच्च तकनीकी शिक्षा के ऐसे भी संस्थान हैं, जो बतौर लाखों रुपए कैपिटेशन फीस, मसलन अनियमित प्रवेश शुल्क लेकर हर साल हजारों डॉक्टर-इंजीनियर बनाने में लगे हैं। इनकी योग्यता को किस पैमाने से नापा जाए ? मध्यप्रदेश में बड़े पैमाने पर व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) का घोटाला सामने आया है। इसके माध्यम से हजारों लोग रिश्वत के बूते डॉक्टर, इंजीनियर और पुलिस निरीक्षक बन गए। इस घोटाले में भारतीय प्रशासनिक व पुलिस सेवा के उच्च अधिकारी व उनकी संतानों पर भी मामले दर्ज हुए हैं। इनमें कई तो ऐसे हैं जो डिग्रियां लेकर सरकारी नौकरी में भी आ गए थे। रिश्वत के बूते हासिल इस योग्यता को किस कसौटी पर परखा जाए ? योग्यता को डिग्री से जोड़कर परखने की यह अभिजात्यवादी सोच ऐसे लोगों की है, जो अपनी संतानों के लिए अनियमित प्रवेश के सभी स्त्रोत खुले रखना चाहते हैं। भारत में सोच की यह मानसिकता कोई नई नहीं है, वर्ण और जाति के आधार पर सनातन चली आ रही है। पुरातन युग में जब भी जाति व वर्ण विषेश व्यक्ति की योग्यता उभरी, तब-तब उसे या तो शंबूक की तरह मार दिया गया या एकलव्य की तरह अंगूठा दक्षिणा में ले लिया गया। महाभारत के सूतपुत्र कर्ण दान में अग्रणी होने के साथ धनुर्विद्या में भी दक्ष थे, लेकिन द्रोपदी-स्वयंवर में यही कर्ण जब मछली की आंख भेदने को धनुष उठाने को तत्पर हुए तो कृष्ण तुरंत ताड़ गए कि कर्ण लक्ष्य साधने में सफल होंगे और फिर कृष्ण के संकेत पर द्रोपदी ने कर्ण से सूतपुत्र होने के कारण विवाह न करने की इच्छा जताकर कर्ण को लक्ष्यभेद करने से रोक दिया। तय है, सत्ता-तंत्र से जुड़े सक्षमों के लिए वास्तविक योग्यता को नकारने के उपाय हमेशा होते रहे हैं। डिग्रीधारी शिक्षा का षड्यंत्र इसलिए भी रचा गया, जिससे परंपरा से ज्ञान हासिल करने वाले लोग सरकारी नौकरियों से वंचित बने रहें। आज फिल्म और टीवी से जुड़े ज्यादातर कलाकारों की शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम है, लेकिन कलाकार श्रेष्ठतम हैं। यदि फिल्म में अभिनय को अकादमिक शिक्षा की बाध्यता से जोड़ दिया जाए तो सिनेमा जगत से उत्कृष्ट कला का वैसे ही लोप हो जाएगा, जैसे शिक्षा से गुणवत्ता का लोप हो गया है। हमारे प्रसिद्ध लोक गायक और खिलाड़ी भी उच्च शिक्षित नहीं हैं। राष्ट्रपति ज्ञानी जेलसिंह, के. कामराज और बीजू पटनायक भी पढ़े-लिखे नहीं थे। अनेक प्रतिष्ठित साहित्यकार और पत्रकार भी पढ़े लिखे नहीं थे, लेकिन उनके रचनाकर्म पर विवि उपाधियां दे रहे हैं। अन्ना हजारे और बाबा रामदेव भी ज्यादा पढ़े लिखे नहीं हैं,लेकिन अपने-अपने क्षेत्रों में उन्होंने झंडे गाड़े हुए हैं। दरअसल, आधुनिक शिक्षा और शिक्षा में अंग्रेजी माध्यम ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की मौलिक कल्पनाशीलता को कुंद करने का काम किया है। माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के मालिक और दुनिया के प्रमुख अमीर बिल गेट्स गणित में बेहद कमजोर थे और इस विषय में दक्षता हासिल करने की बजाय गैराज में अकेले बैठे रहकर कुछ नया सोचा करते थे। तब उनके पास कंप्यूटर नहीं था, लेकिन विलक्षण सोच थी, जिसने कंप्यूटर की कृत्रिम बुद्धि के रूप में माइक्रोसॉफ्ट को जन्म दिया। यदि बिल गणित में उच्च शिक्षा हासिल करने में अपनी मेधा को खफा देते तो सॉफ्टवेयर की कल्पना मुश्किल थी।मदन मोहन मालवीय ने जब काशी हिंदू विवि को स्थापित किया तब उन्होंने विषय विशेषज्ञों को ही संस्थान का प्राध्यापक और रीडर बनाया था। रामचंद्र शुक्ल (इंटर), श्यामसुंदर दास (बीए) आयोध्या सिंह उपध्याय हरिऔध (मिडिल) थे, लेकिन इनके योग्यता के आधार पर इन्हें विभाग प्रमुख बनाया गया था। इसी तरह स्नातक नहीं होने के बावजूद देवेंद्र सत्यार्थी को प्रकाशन विभाग की पत्रिका 'आजकल' का संपादक बनाया गया था। प्रसिद्ध पत्रकार प्रभाष जोशी महज दसवीं तक पढ़े थे, लेकिन उनकी असाधारण योग्यता के बूते इंडियन एक्सप्रेस समूह के मालिक रामनाथ गोयनका ने उन्हें 'जनसत्ता' का संस्थापक संपादक और 'इंडियन एक्सप्रेस' का संपादक बनाया था। प्रसिद्ध लेखक आरके नारायण दसवीं कक्षा में अंग्रेजी में अनुत्तीर्ण हो गए थे, लेकिन कालांतर में यही आरके नारायण अंग्रेजी साहित्य के प्रसिद्ध लेखक बने। डॉ राधाकृष्णन ने कहा है कि नौकरियों में उपाधि को महत्व नहीं देकर विषय की परीक्षा लेनी चाहिए। यदि कोई व्यक्ति विषय में पारंगत है तो उसे नौकरी में लेना चाहिए। लेकिन नौकरशाही ने इन विद्वानों के कथनों और प्रयोगों को नकार कर मैकाले की डिग्री आधारित पद्धति को आजादी के बाद भी बनाए रखा। जाहिर है, संकल्प के धनी और परिश्रमी लोग औपचारिक शिक्षा के बिना भी अपनी योग्यता साबित कर सकते हैं। उपाधि पढ़ाई-लिखाई निर्धारित संकायों का प्रमाण जरुर होती हैं, किंतु वह व्यक्ति की समग्र प्रतिभा,अंतर्दृष्टि और बहुआयामी योग्यता का पैमाना नहीं हो सकती ?अतएव महात्मा गांधी और नरेंद्र मोदी की डिग्री आधारित योग्यता पर सवाल उठाने वाले बड़े डिग्रीधारी अपनी योग्यता का केवल दंभ भर रहे हैं। कम शिक्षित होने के नाते जन्मजात प्रतिभा को नकारना वास्तविक योग्यता के अनादर के अलावा कुछ नहीं है।

**प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# पांच भाईयों की दस करोड़ की संपत्ति अटैच

देहरादून। एनएच 74 घोटाले के आरोपी किसान पांच भाइयों की 10 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अटैच कर लिया है। ईडी ने यह कार्रवाई अमृतसर पंजाब में उनके पैतृक गांव में की। आरोप है कि इन्होंने हाईवे चौड़ीकरण के दौरान अपनी खेती की जमीन को आवासीय दर्शाकर करोड़ों रुपये अधिक का मुआवजा हासिल किया था। अन्य आरोपियों के साथ उनके नाम भी पंतनगर थाने में दर्ज मुकदमे में शामिल हैं। ईडी अभी इस मामले में और भी कार्रवाई कर सकती है। नेशनल हाईवे-74 चौड़ीकरण में भूमि मुआवजा घोटाला 2017 में सामने आया था। आरोप लगे थे कि अधिकारियों की मिलीभगत से बहुत से किसानों को जरूरत से अधिक मुआवजा वितरित किया गया। इस मामले में प्रशासन की ओर से 50 लोगों के खिलाफ 10 मार्च 2017 को पंतनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। इन नामजद लोगों में 40 से ज्यादा किसान शामिल थे। इनमें मूल रूप से अमृतसर के वलाह गांव के रहने वाले पांच भाइयों अजमेर सिंह, सुखदेव सिंह, गुरवैल सिंह, सुखवंत सिंह और सतनाम सिंह के नाम भी शामिल थे। इनके खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी किया गया था। आरोप है कि इन्होंने पंतनगर के पास अपनी खेती की जमीन को बैक डेट में आवासीय भूमि श्रेणी में शामिल कराने का आदेश जारी कराया था। इससे उन्हें खेती की जमीन के बजाय आवासीय भूमि का मुआवजा दिया गया। जब जांच हुई तो पता चला कि उन्होंने सरकार से निर्धारित मूल्य से 15.73 करोड़ रुपये अधिक हासिल कर लिए। उनके नाते रिश्तेदारों के खातों की भी जांच हुई। पता चला कि मुआवजे की इस राशि से उन्होंने अपने पैतृक गांव में बहुत सी चल और अचल संपत्तियां खरीदी हैं। इसकी जांच भी ईडी कर रही थी। ईडी से मिली जानकारी के अनुसार इस कार्रवाई में इन पांचों भाइयों की 7.89 करोड़ रुपये की अचल और 2.40 करोड़ रुपये की चल संपत्ति को अटैच किया गया है। मामले में अभी जांच की जा रही है।

# बॉबी पंवार पर धमकाने का आरोप, केस दर्ज

देहरादून। उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार पर एक अधिकारी को रास्ते में रोककर धमकाने का आरोप लगा है। आरोप यह भी है कि उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से अधिकारी की छवि भी धूमिल की। मामले में अधिकारी की पत्नी की शिकायत पर बॉबी पंवार समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस के मुताबिक कविता निवासी दून विश्वविद्यालय मार्ग मोथरोवाला का कहना है कि उनके पति राजीव कुमार जनजाति कल्याण विभाग देहरादून में कार्यरत हैं। आरोप लगाया कि सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से बॉबी पंवार और कुछ अन्य लोग उनके पति के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं। ऐसा करके उनके पति राजीव कुमार की छवि को धूमिल कर मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। पति को शासकीय कार्यों में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।आरोप है कि बीती 19 मार्च की रात वह डाट काली मंदिर से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान तीन लोगों ने दून विश्वविद्यालय मार्ग पर उनकी गाड़ी को रोका। गालियां और धमकियां दी। कहा कि चौन से रहने नहीं देंगे और न ही तुम्हारे पति को काम करने देंगे। बॉबी पंवार के साथ जो गलत व्यवहार किया है, उसका बदला लेकर रहेंगे।




# ट्रैक्टर चोरी का खुलासा, महिला सहित दो गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। उधम सिंह नगर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर चोरी के प्रकरण में एक महिला व एक पुरुष को गिरफ्तार कर चोरी गया ट्रैक्टर बरामद किया है। पत्रकार वार्ता में एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि गिद्धपुरी निवासी पवन कुमार गंगवार पुत्र हरिराम ने स्थानी कोतवाली में ट्रैक्टर चोरी की सूचना दर्ज कराई थी जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जांच पड़ताल शुरू की बिलासपुर रामपुर फतेहगंज पश्चिमी बदायूं बरेली बहेड़ी आदि जगहों पर दबिश देकर भक्तों की खोजबीन की मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त चौप्टर नारायण नगला पहली की ओर से हरसू नगला की तरफ आने वाले रास्ते पर



कल्याणपुर के पास ओके ट्रैक्टर 855 ना 06सीबी 3949 आदित्य मनोज सक्सेना पुत्र दयाराम वह लक्ष्मी पत्नी मनोज सक्सेना निवासी बंगाली कॉलोनी थाना किच्छा उधम सिंह नगर से बरामद कर लिया तथा दोनों को गिरफ्तार कर लिया एसपी सिटी मनोज कुमार ने बताया कि अभी पर उत्तर प्रदेश उत्तराखंड में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। दोनों अपराधी पवन कुमार के यहां काम करते थे गत दिवस मौका पाकर ट्रैक्टर चोरी कर ले गए प्रारंभिक जांच में पता चला दी दोनों ही शातिर किस्म के के हैं तथा लक्ष्मी अपने 6 बच्चों को छोड़कर मनोज सक्सेना के साथ रह रही थी मनोज सक्सेना का अपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। प्रकरण का खुलासा करने वालों में प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुनील सुनील सुतेडी, उपनिषद बसंत प्रसाद कांस्टेबल नेत्र रौतेला महेश कोहली, दीपक बोहरा उमेश सिंह कुलदीप सिंह पुरन गिरी, रेखा आदि शामिल थे।

# पुल के मरम्मत कार्यों का लिया जायजा

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। भाजपा के पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा ने ग्रामीणों के साथ पुल के निर्माण स्थल के मरम्मत कार्य का जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों को सही मानक पर पुल के निर्माण कार्य करने के लिए निर्देशित किया। जानकारी के अनुसार भाजपा के पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा ने ग्रामीणों के साथ ग्राम बिडोरा, धूमखेड़ा में संपर्क मार्ग पर बन रहे पुल निर्माण का निरीक्षण किया। राणा ने पुल के निर्माण मानक रूप से करने आवाजाही सुचारू करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। ग्रामीण क्षेत्रों की जनता की सुविधा के लिए क्षेत्र में विभिन्न सड़कों और पुल का निर्माण कराया जा रहा है। प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में



ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। राणा ने कहा है कि प्रदेश में धामी के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में विकास का पहिया तेजी से दौड़ रहा है। उन्होंने कहा है कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो विकास की सोच रखतीं हैं। पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का जनता को लाभ लेने का आह्वान किया। ताकि गरीब जनता को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। प्रधान जसवंत सिंह ओम् नारायणा राणा। आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# सपना बनी महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष परमिंदर कौर ने महानगर कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष सपना गिल को उनकी पार्टी के प्रति समर्पितता को देखते हुए उन्हें प्रदेश सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी है। साथ ही सपना से अपेक्षा की ही कि वह अपने दायित्वों को पूरे विश्वास, ईमानदारी व निष्ठता से निभायेगी। सपना ने अपने मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष परमिंदर कौर, नेटा डिसूजा व ज्योति रौतेला सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है।

## पेज एक का शेष...

**धामी ने पीएम मोदी के ...**अवसंरचनाओं के मुआवजे, असुरक्षित जोन में आने वाले परिवारों की जमीनों के मुआवजे, प्रभावित व्यक्तियों के स्थायी पुनर्वास एवं भूमि के अधिग्रहण व विकास और प्रभावित विभागीय अवसंरचनाओं की मरम्मत व पुनर्स्थापना का कार्य सम्मिलित है। जोशीमठ के स्थरीकरण तथा पुनर्विकास का कार्य भी किया जाना है। जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा आयोजित पब्लिक इन्वेस्टमेंट बोर्ड की बैठक में संस्तुति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना की वित्तीय स्वीकृति आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी से भी कराए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने हरिद्वार से वाराणसी के लिए वन्दे भारत रेल सेवा शुरू किए जाने का भी आग्रह करते हुए कहा कि इससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बड़ी सुविधा मिलेगी। कहा कि राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अन्तर्गत आस्ट्रेलिया से 240 मैरीनो भेड़े दिसम्बर, 2019 में आयात की गई थी। इसकी सफलता के आधार पर प्रथम चरण में 500 मैरीनो भेड़ों को आयात करने का प्रस्ताव है जिससे आगामी 3-4 महीनों में लगभग 500 मैट्रिक टन उच्च गुणवत्ता ऊन प्राप्त हो सकती है जो आत्मनिर्भर भारत के अवधारणा के अन्तर्गत भारतीय वस्त्र उद्योग के लिये महत्वपूर्ण है। इसके लिए पशुधन मंत्रालय एवं कपड़ा मंत्रालय से सहयोग अपेक्षित है। प्रदेश द्वारा स्टेट मिलेट मिशन का वर्ष 2023-24 से 2027-28 तक संचालन किया जा रहा है। मिलेट मिशन में 10,000 मै0टन मडुवा, किसानों से खरीद कर पी०डी०एस० के माध्यम से वितरित किया जायेगा। साथ ही झंगोरे की खीर को मिड-डे-मील में सप्ताह में एक बार विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जायेगा। झंगोरा, रामदाना एवं काकुनी के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य जारी किये जाने की आवश्यकता है।

**एसटीएफ ने पश्चिम बंगाल..**अभिषेक शॉ पुत्र अरूण शॉ नि० बिदुपुर थाना बिदुपुर जनपद वैशाली बिहार को पश्चिम बंगाल क्षेत्र थाना कस्बा कोलकता क्षेत्र में स्थित उसके फ्लैट से गिरफ्तार किया गया तथा उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त सिम कार्डस. मोबाईल फोन्स, डेबिट काड्र्स बरामद किये गये हैं। पकड़े गये साईबर ठग को पूर्व में भी कोलकाता पुलिस द्वारा साईबर ठगी के आरोप में जेल भेजा जा चुका है। परन्तु जेल से छूटने के बाद साईबर ठग अभिषेक अपने काम को और भी शातिर तरीके से करने लगा और पुलिस से बचने के तरह तरह के हथकण्डे प्रयोग करता था परन्तु साईबर पुलिस की टीम द्वारा पिछले 15 दिन से अधिक समय तक कोलकता में रहकर जमीनी स्तर कार्य करते हुए उक्त साईबर क्रिमिनल के बारे में जानकारी जुटायी गयी और इस ठग का कोलकता शहर के कस्बे से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमाण्ड प्राप्त कर उत्तराखण्ड ले आयी। उत्तराखण्ड एसटीएफ द्वारा अपनी गिरप्तारी से साईबर ठग भौचक रह गया और पूछताछ में बताने लगा कि वो जेल से आने के बाद बहुत ही सावधानी से अपना ठगी का काम कर रहा था ताकि कोई उसे पकड़ न सके। परन्तु उत्तराखण्ड एसटीएफ की साईबर टीम के गहन तकनीकी दक्षता के सामने उसके मंसूबे फेल हो गये। आरोपी को पकड़ने के लिए एसटीएफ 15 दिनों से ऑपरेशन चला रही थी। एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल पूरे ऑपरेशन में स्वंय निगरानी कर रहे थे। सफल अनावरण में एएसआई सत्येन्द्र गंगोला व कांस्टेबल मो० उस्मान की उल्लेखनीय भूमिका रही। आरोपी ने पूछताछ पर बताया कि उनके द्वारा रिटायर्ड लोगों को फोन काल कर ट्रेजरी आफीसर के रूप में बातचीत की जाती है और फिर उनके व्हाट्सएप पर पेंशन भुगतान संबंधी फार्मेट भेजे जाते हैं तथा पेंशन के समस्त देयकों का भुगतान करवाने के झांसे में लेकर उनके मोबाईल का एक्सेस लेकर सिम स्वेपिंग कर ली जाती है और इसके बाद उनके इण्टरनेट बैंकिंग का एक्सेस लेकर धनराशि विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवा ली जाती है तथा विभिन्न खातों में इण्टरनेट बैंकिंग के जरिये मोबाईल नम्बर बदलकर धनराशि प्राप्त कर ली जाती है। अभियुक्त नेटवर्क मार्केटिंग में काम कर चुका है। जिसकी वजह से बातचीत करने व लोगों को कन्विंस करने में एक्सपर्ट है। जिस कारण से आसानी से लोग उसके झांसे में आ जाते हैं। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में निरीक्षक ललित मोहन जोशी, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार पंत,एएसआई सत्येन्द्र गंगोला, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, कांस्टेबल मो०उस्मान आदि शामिल थे।

**प्रसाद चढ़ाने ..**सवार महिला नीचे गिर कर ट्रैक्टर ट्राली से कुचल गई। फल स्वरुप उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि मृतका का पति हादसे में साफ बच गया। पुलिस को घटना की जानकारी मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर लावारिस हालत में खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेते हुए मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतका का एक पुत्र शिवम वर्मा सीसीटीवी कैमरे का काम किया करता है। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है। उधर दूसरी ओर पुलिस आरोपी ट्रैक्टर चालक की तलाश में जुटी है।

**संदिग्ध हालत में ...**में काम करता था और वह परिजनों से अलग रहता था। पुलिस ने बताया कि युवक की मौत का सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चलेगा। परिजनों से भी जानकारी ली जा रही है। मृतक के पास सुसाइड नोट नहीं मिला है।

**अब बेघर नहीं होंगे...**के बाद भी उनका उत्पीड़न बाहुबलियों द्वारा किया जा रहा था।जिस पर न्यायलय ने उन्हे मदद की जिससे साबित होता है न्याय की जीत होती है।प्रधान मंत्री,प्रदेश के मुख्य मंत्री का भी उन्होंने आभार जताया तथा स्थानीय प्रशासन के सहयोग की भी प्रसंशा की।

**मुआवजे के लिये कलेक्ट्रेट ..**प्रति एकड़ एक मुश्त मुआवजा दिया जाये, गेहूं खरीद पर सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य में अतिरिक्त 500 रूपये बोनस दिया जाये, प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों के नुकसान को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व व बिजली के बढ़े हुए मूल्यों को स्थगित किया जाये तथा ठेका लीज पर खेती करने वाले किसानों की फसल का मुआवजा की राशि ठेका व लीज होल्डर को ही दी जाये। प्रदर्शन करने व ज्ञापन देने वालों में जगदीश सिंह, तजिन्दर विर्क, जसवीर सिंह, विक्रम जीत सिंह, करनैल सिंह, मंजीत सिंह, कुलविन्दर सिंह, राजवीर सिंह, गुरमीत सिंह, राजदीप सिंह व गुरप्रीत सिंह आदि शामिल थे।

**लेवड़ा नदी में मिला..**सूत्र बताते हैं कि घटना वाले दिन मृतक के ताऊ का लड़का दीपू और चरणजीत मृतक को अपने साथ ले गया था। इसके बाद से ही प्रभजोत लापता हो गया। प्रभजोत की हत्या की आशंका जताई जा रही है। इसी को लेकर पुलिस ने चरणजीत को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

**कांग्रेसियों का नगर निगम ..**का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही नाले की सफाई नहीं की गयी तो आंदोलन तेज किया जायेगा। धरना प्रदर्शन में कांता प्रसाद, सुमन, रेनू,शिव कुमारी,आशा,माया देवी, चपोला, मीना देवी, सीता देवी,भूरी, शिवा,जमुना,सरोज देवी, शकुन्तला समेत तमाम लोग शामिल थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जय श्री राम के जयकारों से गूंजा शहर




## श्रीराम नवमी एव हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में हिन्दू संगठनों द्वारा महायज्ञ व विशाल भगवा बाइक रैली का आयोजन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री राम नवमी एव हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में हिन्दू संगठनों द्वारा महायज्ञ व विशाल भगवा बाइक रैली का आयोजन किया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिन्दू संगठनों द्वारा हनुमान जयंती व श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य के भगवा बाइक रैली दल,वन्देमातरम ग्रुप,सीताराम सेना,योगी सेना ने सयुक्त रूप से रैली का आयोजन किया। रैली से पूर्व ट्रांजिट कैम्प फुटबॉल मैदान में महायज्ञ का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और उसके बाद एक जनसमूह के रूप में विशाल संख्या में सिडकुल ढाल से फुटबॉल मैदान में समापन हुआ। भगवा रैली का जगह जगह विभिन्न सामाजिक धार्मिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा करते हुए भगवा बाइक रैली का स्वागत किया। वही भगवा बाईक रैली में हजारों की संख्या में एक हजूम के रूप में युवा अरोरा ने कहा हनुमान जयंती व श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में आयोजित भगवा बाईक रैली अपने आप मे विशेष है निश्चित रूप से प्रभु श्रीराम के नाम के जयकारे के साथ विशाल संख्या में हजारों युवा सड़को पर उतरे है, जो दर्शाता है कि हमारे हिन्दू समाज की मानस जायसवाल ने बताया कि इस भगवा रैली की तैयारी लगभग पिछले डेढ़ माह से चल रही थी आज श्रीराम के नारों से पूरा रुद्रपुर गूंज उठा है जो दर्शाता है कि रैली कितनी भव्य दिव्य है ।जायसवाल ने बताया रैली 11 किलोमीटर लंबे रूट से होते हुए निकली सयोग ओर मेहनत से यह भगवा रैली सफल और ऐतिहासिक साबित हुई । जिसके लिये सभी रामभक्त युवा साथी बधाई के पात्र है , उन्होंने रैली की सफलता के लिये सभी संगठन और सामाजिक धर्मिक संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओ का आभार प्रकट किया।




का आयोजन किया किया।इस दौरान पूरा शहर जय श्री राम के जयकारों से गूंजायमान हो गया। रैली का आयोजन हिन्दू जागरण मंच, गौ रक्षा दल, हिन्दू युवा वाहिनी, हिन्दू रक्षा दल,भगत सिंह भगवा बाइक रैली ट्रांजिट कैम्प होते हुए किच्छा बाईपास रोड से इंद्रा चौक ओर वहाँ से गल्ला मंडी से निकलते हुए भगत सिंह चोक मुख्य बाजार होते हुए डीडी चौक की ओर से अटरिया रोड से सड़को पर निकले जिससे पूरा रुद्रपुर भगवा झंडो के साथ रंगा हुआ नजर आया। रैली में क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा भी भगवा पगड़ी पहने भगवा रैली में शामिल हुए। विधायक शिव भगवान राम के प्रति यह युवाओं का अट्ट प्रेम विश्वास आस्था एक भव्य दिव्य माहौल का साक्षी है, उन्होंने कहा यह भगवा रैली सबसे विशाल एव ऐतिहासिक है। कार्यक्रम सयोंजक जिसमे महिला दल भी भगवा रंग में पूरे जोश के साथ रैली में शामिल हुई और रैली में निकाली गई भगवान ज स्वरूप की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। जयसवाल ने कहा सभी संगठन के जायसवाल ने कहा हनुमान जयंती एव श्रीराम नवमी दोनों पवन पर्व के निमित महायज्ञ एव रैली का आयोजन हुआ और रुद्रपुर के कोने कोने से इस रैली के साक्षी बनने हजारों युवा इसमें शामिल हुए।

# हाथ में भगवा थामे पीतांबर वस्त्रधारी गाबा ने भरा जोश



रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप से निकली श्री राम नवमी एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा में पीतांबर वस्त्र धारी हाथ में भगवा थामे पूरे रास्ते पैदल पैदल चल रहे भाजपा के युवा नेता सुशील गाबा विशेष रूप से आकर्षण का केन्द्र बने रहे।ऊर्जा से लबरेज रामभक्त सुशील गाबा शोभायात्रा के प्रारंभ होने से पूर्व पंडित प्रभात आर्य द्वारा आयोजित यज्ञ में शामिल हुए, तत्पश्चात उन्होंने वहां उपस्थित हजारों रामभक्तों को संबोधित करते हुए पूरे माहौल को राममय बना दिया। प्रभु श्री राम व वन्देमातरम के नारे के साथ अपनें संबोधन की शुरुआत करते हुए श्री गाबा ने कहा आज पूरे देश में सत्य सनातन धर्म व संस्कृति की पताका लहरा रही है । हर युवा में अपने देश के प्रति देश भक्ति उबाल मार रही है और इसके साथ साथ प्रत्येक युवा अब अपने सत्य सनातन धर्म के प्रति जागरूक हो चुका है। श्री गाबा ने प्रभु श्रीराम के काज में सहयोग देने वाले हजारों युवाओं को साधुवाद देते हुए कहा कि भगवान राम की पूजा करने से लोगों के सभी बुरे संकट टल जाते है और खुद को दैवीय शक्तियाँ मिलती हैं. साथ ही यह भी कहा गया है कि रामकाज में प्रतिभाग करने वाले व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते है. इसलिए हमें हमेशा भगवान राम की पूजा करके उन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए. जिससे की हमारे जीवन में सब कुछ मंगलमय हो तथा बुरे प्रभाव हमसे दूर हो। भाजपा नेता सुशील गाबा ने इस महारैली के आयोजक मानस जायसवाल, विधायक शिव अरोरा, समेत हिंदू जागरण मंच, गौरक्षा दल, हिंदू युवा वाहिनी, हिंदू रक्षा दल, भगत सिंह दल, वन्देमातरम ग्रुप, सीताराम सेना, योगी सेना सहित समस्त आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इन सभी के दिनरात की अथक मेहनत से ही इस आयोजन में हजारों राम राम भक्तों के विशाल जनसमूह उमड़ पड़ा था। इन सभी सम्मानित जनों एवम संगठनों की संयुक्त मेहनत से रैली ऐतिहासिक रूप से सफल हो सकी है।

# बाबा तारक नाथ धाम में उमड़े श्रद्धालु

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। क्षेत्र के सुरेंद्र नगर (शक्तिफार्म न.5 ) के बाबा तारक नाथ धाम में कावड़िओ व हजारों श्रद्धालुओ ने जलाभिषेक किया ।सुरेंद्र नगर के आस्था के प्रतीक पौराणिक शिव मंदिर जिसे बाबा तारक नाथ धाम के नाम से जाना जाता है। चैत्र माह को शिव आराधना के लिए विशेष माना जाता है। चैत्र माह में शिव भक्त प्रथम दिन से ही शिव भक्त भक्ति में लीन हो जाते है।माह भर शिव भक्त भगवान शिव को पुरा समय दे कर भक्ति भाव से अपने आप को समर्पित कर देते है। क्षेत्रीय व दूर दराज से भक्त यहाँ पहुंच कर पूजा अर्चना करते है। चैत्र माह के तीसरे सोमबार को प्रात:काल से ही हजारो की संख्या में शिव भक्त तारक नाथ धाम भगवान शिव के दर्शन व जलाभिषेक करने पहुँचे । हजारो श्रद्धालुओ कैलाश




नदी से पवित्र जल भर कर भगवान शिव के तारक नाथ धाम के शिव मंदिर में दर्शन कर जलाभिषेक किया। पुरा माहौल भोले नाथ के जयकारों से भक्तिमय हो उठा।चारो ओर बाबा के भक्तो की भीड़ नजर आ रही थी। कई भक्तो ने भोले बाबा को बेलपत्र, फूल,तुलसी व दूध से बाबा को नहलाया। वही मंदिर के ठीक पीछे बने तालाब जो की दूध पुकुर के नाम से जाना जाता है,उसमे भक्तो ने आस्था की डुबकी लगाई। तारक नाथ धाम पूजा कमेटी ने सभी भक्तो के सुविधा के लिए आवश्यक व्यावस्था की है। पूजा कमेटी द्वारा 11 अप्रेल से पांच दिवसीय मेले का भी आयोजन किया गया। जिसमे महा अविष्य, कांटा झांप कलकत्ता के चड़ोक बाबा द्वारा चड़ोक पूजा,शिव बारात,शिव विवाह , विशाल भण्डारा व मेले में बिभिन्न दुकाने ,बड़े- बड़े झूले ,बच्चों के मनोरंजन के लिए खेल कुद व सर्कस आदि आकर्षण का केंद्र रहेगा।

# कथा के महात्म्य को जरूर सुनें श्रद्धालु : पांडेय

गरुड़(उद संवाददाता) ।ग्राम पंचायत मटेना में भागवत कथा के सातवें दिन व्यास पंडित मनोज पांडेय ने श्रद्धालुओं को कथा का महात्म्य समझाया। इस मौके पर आयोजित भजन-कीर्तनों व पुष्पांजलि से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। मटेना गांव में भागवत कथा के सातवें दिन विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कथा व्यास पंडित मनोज पांडेय ने कहा कि कथा के महात्म्य को सुन लेने मात्र से ही मनुष्य का जीवन धन्य हो जाता है। इसलिए श्रद्धालु कम से कम महात्म्य का तो जरूर श्रवण करें। उन्होंने कहा कि जो भी भक्त भगवान की पूजा करता है, उसके कष्ट व पाप दूर हो जाते हैं। कथा की आरती के बाद भक्तों ने भजन-कीर्तनों से भक्ति की खूब रसधार बहाई। मुख्य यजमान विश्वम्बर दत्त बड़सीला ने बताया कि सोमवार को भंडारे व हवन यज्ञ के साथ कथा का पारायण होगा। उन्होंने जनता से भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। इस दौरान यजमान हीरा देवी,विश्वम्बर दत्त,गिरीश बड़सीला,विजय,गौरव, जानकी देवी, आनंदी देवी,मनीषा, कविता,चित्रा, दीप जोशी, नंदाबल्लभ बड़सीला, अनिल पांडे, रमेश पांडे बृजवासी,आनन्द बिष्ट,अखिल जोशी,दिनेश नेगी, आदि मौजूद थे।

